संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

19 जून 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 268

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### नीट पेपर लीक रोकने में नाकाम रहा टेलीग्राम : केंद्र

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक में टेलीग्राम के ग्रुप्स और चैनल पर हुई गड़बड़ियों के बारे में दिल्ली हाई कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) को नीट पेपर लीक होने के मामले में टेलीग्राम के गलत इस्तेमाल के बारे में कई शिकायतें मिली थीं। एनटीए ने ऐसे कई टेलीग्राम चैनलों की पहचान की, जो लीक हुए परीक्षा के पेपर को फैलाने से जुड़े थे।




## संक्षिप्त खबरें

### शिर्डी संस्थान को एक साल में मिला 660 करोड़ रुपये का चढ़ावा

**शिर्डी ।** देश और विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के कारण शिर्डी स्थित श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट की आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में संस्थान को नकद, डिजिटल और वस्तु स्वरूप में लगभग 660 करोड़ रुपये का योगदान प्राप्त हुआ है। वहीं संस्थान की सावधि जमा (एफडी) 3618 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है और केवल ब्याज से ही 256 करोड़ रुपये से ज्यादा की आय हुई है। संस्थान के अनुसार, वर्ष 2025-26 के दौरान 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने शिर्डी पहुंचकर साई बाबा के दर्शन किए।

### शिवसेना के छह बागी सांसदों को वाई प्लस सुरक्षा

**मुंबई ।** महाराष्ट्र सरकार के गृह मंत्रालय ने गुरुवार को शिवसेना यूबीटी के छह बागी सांसदों को वाई प्लस सुरक्षा दिए जाने की घोषणा की है। साथ ही इन सभी सांसदों के घर पर 24 घंटे पुलिस रखने की भी व्यवस्था की गई है। हालांकि आज सूबे के कई जिलों में इन सभी छह सांसदों के खिलाफ शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। शिवसेना यूबीटी की ओर से इन सभी छह सांसदों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। शिवसेना यूबीटी की ओर से आज दिल्ली में सभी नौ सांसदों की मीटिंग बुलाई गई थी, लेकिन इनमें से सिर्फ तीन सांसद उपस्थित थे।

# रास चुनाव : झामुमो के बैजनाथ राम और निर्दलीय परिमल नथवाणी जीते

## कांग्रेस की करारी हार

- बैजनाथ राम को 30 नथवाणी को 28 और प्रणव को 20 वोट मिले
- तीन वोट रद्द किए गए
- क्रॉस वोटिंग में निर्दलीय की जीत, कांग्रेस की हार
- इंडिया गठबंधन की एकता हुई तार-तार

संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव का परिणाम आते ही इंडिया गठबंधन के अंदरुनी हालात बेपर्द हो गया। चुनाव में इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो के बैजनाथ राम और एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवाणी चुनाव जीत गये। कांग्रेस के उम्मीदवार प्रणव झा चुनाव हार गय। बैजनाथ राम को सबसे अधिक 30 और परिमल नथवाणी को 28 वोट मिले। जबकि कांग्रेस के प्रणव झा को सिर्फ 20 वोट मिले। तीन वोट अवैध घोषित किये गये। चुनाव परिणाम आते ही इंडिया गठबंधन की एकता तार-तार हो गई। पिछले एक पखवाड़े से एकता के गीत गा रहे सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन के नेता और दल अब एक-दूसरे पर दोष मढ़ने में लग गये हैं। सत्ता के गलियारों में चल रहे शह और मात के खेल के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा और एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार ने शानदार बाजी मार ली है। वहीं, बड़े-बड़े रणनीतिकारों को मैदान में उतारने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। इस चुनाव में क्रॉस वोटिंग इंडिया गठबंधन के दलों की एकता को छिन्न भिन्न कर दिया। चुनावी नतीजों ने इंडिया गठबंधन की एकजुटता की कलई खोलकर रख दी है, जिससे आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सत्ताधारी खेमे में बेचैनी बढ़ना तय है।

झारखंड की राजनीति में परिमल नथवाणी एक ऐसा नाम बन चुके हैं, जिन्हें सियासी समीकरणों को अपने पक्ष में मोड़ने का महारथी माना जाता है। इस जीत के साथ ही नथवाणी ने रिकॉर्ड चौथी बार राज्यसभा पहुंचने का गौरव हासिल किया है। हालांकि, वह लगातार चौथी बार एक ही राज्य से जीतकर एक अद्वितीय इतिहास रचने से मामूली रूप से चूक गए, क्योंकि उनका पिछला कार्यकाल आंध्र प्रदेश से था। इसके बावजूद, झारखंड की धरती पर उनका जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला।

**हेमंत सोरेन का मास्टरस्ट्रोक**

एक तरफ जहां परिमल नथवाणी की जीत के पीछे कॉर्पोरेट और राजनीतिक मैनेजमेंट की ताकत थी, वहीं दूसरी तरफ झामुमो उम्मीदवार बैजनाथ राम की जीत विशुद्ध रूप से एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक संदेश है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैजनाथ राम को राज्यसभा भेजकर एक तीर से कई निशाने साधे हैं। लातेहार क्षेत्र सहित पूरे झारखंड के अनुसूचित जाति समाज में बैजनाथ राम की पैठ बेहद गहरी और मजबूत मानी जाती है।

राज्य में कुछ ही महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में ऐन वक्त पर एक प्रमुख दलित चेहरे को देश के उच्च सदन में भेजकर हेमंत सोरेन ने राज्य के दलित और वंचित समाज को यह साफ संदेश दे दिया है कि उनके हितों की असली रक्षक झामुमो ही है। बैजनाथ राम की यह जीत झामुमो के पारंपरिक 'आदिवासी-मूलवासी' वोट बैंक के साथ-साथ दलित मतदाताओं को जोड़ने की रणनीति में एक बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हो सकती है।

---

**क्रॉस वोटिंग का खेल**

इस चुनाव का सबसे स्याह पहलू कांग्रेस के लिए रहा। कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा की हार सिर्फ एक व्यक्ति की हार नहीं है, बल्कि यह कांग्रेस के आंतरिक असंतोष और गठबंधन के भीतर गहरे अविश्वास की कहानी बयां करती है। मतदान के दौरान हुई 'क्रॉस वोटिंग' ने साफ कर दिया कि गठबंधन के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। दावे किए जा रहे थे कि इंडिया गठबंधन के पास अपने दोनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए पर्याप्त संख्या बल है, लेकिन जब बैलेट बॉक्स खुला तो सारे दावे हवा हो गए। यह क्रॉस वोटिंग इसलिए भी ज्यादा शर्मनाक है क्योंकि कांग्रेस आलाकमान इस चुनाव को लेकर बेहद गंभीर था।

---

**बड़े बड़े रणनीतिकार परास्त**

कांग्रेस पार्टी इस चुनाव को कितनी प्रतिष्ठा की लड़ाई मान रही थी। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खुद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू और सह-प्रभारी श्री बेला प्रसाद को पोलिंग एजेंट बनाया गया था। पार्टी के इन दो सबसे बड़े दिग्गजों की सीधी निगरानी में मतदान हो रहा था। हर एक विधायक पर पैनी नजर रखने के निर्देश थे। आलाकमान के ये सिपहसालार अपनी ही पार्टी के विधायकों को एकजुट रखने और क्रॉस वोटिंग रोकने में पूरी तरह नाकाम रहे।

---

**झाममो का नया दांव**

बैजनाथ राम की जीत के बाद झामुमो अब खुद को दलितों के मसीहा के रूप में पेश करेगा, जिससे भाजपा के पारंपरिक दलित वोट बैंक में सेंध लगने का खतरा बढ़ गया है। इस सियासी जंग ने यह साबित कर दिया है कि राजनीति में जो दिखता है, वो होता नहीं। परिमल नथवाणी की 'घर वापसी' और बैजनाथ राम का 'उदय' जहां एनडीए और झामुमो के लिए जश्न का मौका लेकर आया है, वहीं कांग्रेस के लिए यह आत्ममंथन की एक ऐसी गंभीर घड़ी है, जिसे अगर अनदेखा किया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए संभलना मुश्किल हो जाएगा।





### नतीजों का गणित ( कुल 81 वोट)

81 वोट पड़े, 78 वैध, 3 वोट रद्द किए गए

झामुमो उम्मीदवार : 30 वोट

निर्दलीय परिमल नाथवाणी : 28 वोट

कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा : 20 वोट

परिमल नथवाणी : चौथी बार राज्यसभा पहुंचे

# अमेरिका-ईरान जंग खत्म

## तय तारीख से एक दिन पहले समझौता, दोनों प्रेसिडेंट ने दस्तखत किए

### 122 लाख करोड़ बर्बाद कराकर ट्रम्प सरेंडर

एजेंसी

**तेहरान/वाशिंगटन ।** अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े एमओयू पर साइन किए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे। डील पर दस्तखत करने के बाद ट्रम्प ने बाहर लोगों से चिल्लाते हुए कहा कि डील साइन हो गई है। ट्रम्प के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक एंड पीस के मुताबिक अमेरिका-ईरान जंग से ग्लोबल जीडीपी को 1.3 ट्रिलियन डॉलर, यानी करीब 122 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। ये ग्लोबल जीडीपी का 0.6 प्रतिशत है। पहली नजर में यह नुकसान उतना बड़ा नहीं लगता। 2020 में कोरोना के दौरान भी ग्लोबल जीडीपी 3.1 प्रतिशत सिकुड़ गई थी।



# झारखंड में बारिश नहीं होने से बढ़ा 5.9 डिग्री तापमान

संवाददाता

**रांची ।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मानसून की बारिश नहीं होने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। राज्य में सबसे अधिक औसत तापमान चाईबासा में 5.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके अलावा डाल्टनगंज में तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री और राजधानी रांची में 2.5 डिग्री अधिक तापमान दर्ज किया गया। गर्मी के साथ ही उमस भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक उमस बोकारो थर्मल में 79 प्रतिशत दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 42.4 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे लेकिन दोपहर बाद काले घने बादल छाए रहे। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 25.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 39 डिग्री और न्यूनतम 28.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 42.4 और न्यूनतम 28.7 डिग्री, दर्ज किया गया।

# दो दिनों में 4 नीट छात्रों ने की आत्महत्या

### गुजरात का छात्र छठी मंजिल से कूदा

### तमिलनाडु की छात्रा ने लिखा- दोबारा एग्जाम से डर

एजेंसी

**कोयंबटूर ।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में नीट की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा अनुकीर्तना ने बुधवार सुबह जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले छात्रा ने अपने चाचा और करीबी रिश्तेदारों को वॉट्सएप मैसेज भेजे थे। मैसेज में उसने लिखा कि मैंने नीट परीक्षा दी थी और मेडिकल कॉलेज में एडमिशन का इंतजार कर रही थी, लेकिन परीक्षा कैंसिल हो गई। अब दोबारा परीक्षा देने से डर लग रहा है। मेरे पापा ने मुझ पर बहुत पैसा खर्च किया है, मैं अब उनका सामना कैसे करूंगी, नहीं जानती।

वहीं, अहमदाबाद के न्यू रानीप इलाके में बुधवार रात करीब 2:30 बजे 17 साल के छात्र ने आनंदम फ्लैट्स के ब्लॉक बी की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस जांच में पता चला कि छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पिछले दो दिनों में नीट स्टूडेंट की आत्महत्या का यह चौथा मामला है। इससे पहले 16 जून को देहरादून में 23 साल की रिया थापा और लखनऊ में 17 साल की एक छात्रा ने सुसाइड किया था। 12 मई को नीट परीक्षा रद्द होने के बाद देश भर में अब तक लगभग 12 स्टूडेंट्स जान दे चुके हैं।

न घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता और भरोसा बनाए रखने के साथ-साथ छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता कैसे दी जाए।

# आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमला करने के तीन आरोपित गिरफ्तार




संवाददाता

**रांची ।** रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित निवारणपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सैफ अंसारी, अमन अंसारी उर्फ गोलू और सायम सुजान शामिल है। इनके पास से घटना के समय पहने हुए कपड़े, रैपिडों कैब (सेन्ट्रो कार) और चार स्मार्टफोन बरामद किया गया।

एसएसपी राकेश रंजन ने गुरुवार की रात प्रेस वार्ता में बताया कि 16 जून की देर रात चुटिया निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ, झारखण्ड प्रदेश कार्यालय में अज्ञात अपराधियों के जरिये पेट्रोल बम फेंकने की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में चुटिया थाना मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम (एसआईटी ) का गठन किया गया। गठित एसआईटी के जरिये सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन एवं तकनीकी सहयोग से काण्ड के मुख्य आरोपितों का चिन्हित किया गया। गठित एसआईटी के जरिये विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इसी क्रम में घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित दूसरे राज्य भागने के प्रयास में थे। इसी क्रम में कोडरमा के गझण्डी रेलवे स्टेशन के पास से घटना में शामिल आरोपित सैफ अंसारी और अमन अंसारी उर्फ गोलू को बोकारो एवं कोडरमा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार सैफ अंसारी एवं अमन अंसारी उर्फ गोलू के जरिये अपना अपराध स्वीकार करते हुए सायम सुजान के साथ घटना को अंजाम देने की बात कही गई।

# परिमल नथवाणी की जीत के मायने

## समाचार विश्लेषण

चंदन मिश्र

झारखंड की सियासत ने आज एक नया इतिहास रचा। संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा की खाली होनेवाली दो सीटों के लिए हुए चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार ने सूबे की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी से ज्यादा वोट प्राप्त कर बड़ी जीत हासिल की है। झारखंड से पहले दो बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके परिमल नथवाणी ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए बतौर निर्दलीय तीसरी बार राज्यसभा के लिए चुने गये। परिमल नथवाणी की इस जीत के कई मायने हैं। उनकी जीत ने भाजपा और एनडीए का मान बढ़ाया। इन दलों को ऊर्जान्वित किया। वहीं झारखंड की सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन की एकता को छिन्न-भिन्न करके रख दिया। कांग्रेस की जितनी बुरी हार हुई है, कांग्रेस आनेवाले दिनों में उबर नहीं पायेगी।

भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने चुनाव में परिमल नथवाणी का समर्थन किया था। परिमल नथवाणी को 81 में कुल 28 वोट आए जो एक उम्मीदवार की जीत के लिए निर्धारित वोट थे। हालांकि उनके सामने कांग्रेस के उम्मीदवार प्रणव झा सिर्फ 19 वोट लाकर बुरी तरह पिछड़े। उनके सहयोगी दलों राजद और भाकपा माले ने भी उनका साथ नहीं दिया। आंकड़ों पर गौर करें तो कांग्रेस पार्टी के 16 वोटों के अलावा संभवत झामुमो के तीन वोट उन्हें मिले हैं। वैसे आधिकारिक आंकड़ा आने के बाद ही इसका खुलासा होगा कि किस दल के कितने वोट किस उम्मीदवार को मिले।

परिमल नथवाणी पहले दो बार झारखंड, फिर तीसरी बार आंध्र प्रदेश से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जीतकर राज्यसभा पहुंचे थे। अभी उसी दल के राज्यसभा सदस्य हैं, जिनका कार्यकाल इसी महीने पूरा होनेवाला है। फिर नथवाणी झारखंड से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शपथ लेंगे।

परिमल नथवानी ने इस बार झारखंड में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद शुरू की थी। रांची पहुंचते ही सबसे पहले हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचे और लगभग ढाई घंटे तक उनके साथ रहे। इसके कई अर्थ निकाले गए। फिर वह भाजपा के स्थानीय नेताओं से मुलाकात की। भाजपा अपने उम्मीदवार गौरव वल्लभ से नामांकन पत्र भी खरीदवा चुकी थी। बाद में केंद्र से निर्देश मिलने के बाद परिमल नथवानी को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। नथवानी ने भाजपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा भरा। फिर जीत के रणनीति बननी शुरू हो गई।

परिमल नथवाणी का सियासी सफर झारखंड से ही 2008 में शुरू हुआ, जब वह पहली बार यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा पहुंचे थे। नथवाणी जब पहली बार झारखंड में राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए आए थे, तब उनके खिलाफ यहां के कुछ बुद्धिजीवियों ने जमकर विरोध किया था। एक अखबार के संपादक ही उनके खिलाफ विरोध आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

परिमल नथवाणी ने अपने सियासी सफर की शुरुआत साल 2008 में झारखंड से की थी, जब वह पहली निर्दलीय चुनाव लड़े थे और कई दलों के समर्थन से पहली बार राज्यसभा पहुंचे थे। इसके बाद साल 2014 में उनकी राजनीतिक स्वीकार्यता इतनी बढ़ी कि वे भाजपा और आजसू के समर्थन से निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुन लिए गए। परिमल नथवाणी ने अपने दोनों कार्यकाल में अपने कामकाज से अलग पहचान बनाई। उन्होंने दो गांवों को गोद लिया। उनका कायाकल्प कर दिया। शहरी क्षेत्र के गरीब बस्तियों के लिए भी नथवाणी ने कई काम किये। रांची के निकट नामकुम के आरा बड़ाम में उन्होंने आमलोगों के लिए बड़े निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन और कानूनी सहायता केंद्र खोला। इसका लाभ आसपास के लोगों को मिला। पहले कार्यकाल में कांके के निकट एक गांव को गोद लेकर उसके सामाजिक बदलाव के लिए लगातार काम किया। गांव में शराब बंदी, बिजली, पानी के संकट दूर करने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई। गांव के बीचोंबीच पारंपरिक अखरा स्थल का निर्माण कराया। हर घर को बिजली मिले, इसकी व्यवस्था की। झारखंड से जुड़े गंभीर मामलों को लगातार संसद में उठाया और सरकार से उन समस्याओं के निदान के लिए सहयोग भी मांगा। उन्हें नजदीक से जाननेवाले जानते हैं कि उन्हें मिलेनेवाली संसदीय क्षेत्र विकास योजना फंड में कोई घपलेबाजी नहीं होती है। कोई कमीशन खोरी नहीं चलती है। लाभुकों को योजना का सीधा लाभ मिलता है। इसलिए लोग उनके कामों को आज भी याद करते हैं। 2026 में फिर झारखंड वापसी'= अब 2026 में नथवाणी एक बार फिर झारखंड के मैदान में उतरे। इस बार उन्हें भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का पुरजोर समर्थन मिला, जिसने उनकी जीत की राह को बेहद आसान बना दिया। जाहिर है कि परिमल नथवाणी झारखंड में एक बार फिर से विकास के लिए नये आयाम गढ़ेंगे। जनहित की योजनाओं को लाएंगे और जनप्रतिनिधियों की उम्मीदों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

# हाईकोर्ट ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव से मांगा शपथ पत्र

## मामला पुल-पुलियों के गिरने का

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित पुल-पुलियों के गिरने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने से संबंधित जनहित याचिका पर गुरुवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने की।

जनहित याचिका दायर करने वाले पंकज कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि ग्रामीण विकास विभाग की ओर से राज्य में निर्मित कई पुल-पुलियां ध्वस्त हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव द्वारा निर्धारित समय पर शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। खंडपीठ ने विभागीय सचिव को अगली सुनवाई तक विस्तृत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने पूछा है कि राज्य में विभाग की ओर से बनाए गए कितने पुल और पुलियां गिरी हैं, इन मामलों में किन अधिकारियों या एजेंसियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है तथा आरोपितों पर क्या दंडात्मक कदम उठाए गए हैं।




अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को निर्धारित की है। इस दौरान सचिव ग्रामीण विकास विभाग को सभी आवश्यक तथ्यों और कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करना होगा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने इस बात पर भी असंतोष व्यक्त किया कि उसके पूर्व आदेश के बावजूद विभागीय सचिव की ओर से शपथ पत्र दाखिल नहीं किया गया और उनकी जगह मुख्य अभियंता ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया। इस पर खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या विभागीय सचिव को अदालत के आदेश की जानकारी नहीं थी।

# परिमल नथवानी की जीत पर झारखंड भाजपा उत्साहित, नेताओं ने दी शुभकामनाएं

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** झारखंड राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी की प्रचंड जीत पर झारखंड भाजपा काफी उत्साहित है। भाजपा नेताओं ने पहले ही परिमल नाथवानी की जीत का दावा किया था जो आज सच साबित हुई। कांग्रेस की सारी रणनीति बेकार साबित हुई और एनडीए समर्थित प्रत्याशी ने जीत का परचम लहरा दिया। परिमल नाथवानी की शानदार जीत पर झारखंड विधानसभा में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित तमाम भाजपा नेताओं ने उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं परिमल नाथवानी का भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी भव्य स्वागत किया गया।

**यह तो जीत की शुरुआत, जीत का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा : आदित्य साहू**

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह विजय एनडीए की एकजुटता, सशक्त संगठन और जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साहू ने कहा कि झारखंड के कल्याण और भलाई को लेकर विधायकों ने मतदान किया है। उन्होंने कहा कि यह तो जीत की शुरुआत है। जीत का यह सिलसिला झारखंड में आगे भी जारी रहेगा।



**परिमल नाथवानी की जीत थी तय : बाबूलाल मरांडी**

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्यसभा में परिमल नाथवानी की उम्मीदवारी से ही एनडीए समर्थित उम्मीदवार की जीत तय हो गई थी। वे 12 वर्षों तक झारखंड से कुशल नेतृत्व किए हैं, इस दौरान इन्होंने अपने कार्यों से अपनी एक अलग साख और विश्वास को बनाया है, इसलिए ये राज्य की राजनीति के लिए कोई अपरिचित चेहरा नहीं थे। निर्दलीय प्रत्याशी होने के कारण इनके लिए झारखंड के सभी 81 विधायक इनके लिए वोटर थे। विधायकों ने राज्यहित और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को सर्वोपरि रखते हुए पूरे विवेक से अपने मत का सदुपयोग किया है। ये पहले भी अच्छे सांसद साबित हुए हैं और आगे भी अच्छे सांसद साबित होंगे।

**यह जीत एनडीए की एकजुटता और मजबूत संगठन का परिणाम : कर्मवीर सिंह**

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह जीत एनडीए की एकजुटता और मजबूत संगठन का परिणाम है। एकता और संगठन की शक्ति जब संकल्प के साथ आगे बढ़ती है, तो हर लक्ष्य आसान हो जाता है। एकजुट प्रयास ही सफलता की सबसे बड़ी पहचान है।

**झारखंड के विकास में योगदान देने के लिए अपनी कर्मभूमि लौटा : परिमल नाथवानी**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में संबोधित करते हुए परिमल नाथवानी ने कहा कि 2008 और 2020 के बीच झारखंड से एक स्वतंत्र (निर्दलीय) सांसद के रूप में दो अत्यधिक प्रभावशाली और लगातार कार्यकाल उन्होंने पूरा किया है। झारखंड से उनका पुनः चुना जाना उस राज्य में एक ऐतिहासिक वापसी का प्रतीक है जिसे वे लंबे समय से संजोते रहे हैं। झारखंड के विकास में योगदान देने के लिए वे अपनी कर्मभूमि वापस लौटे हैं।

**झारखंड मेरी कर्मभूमि है: नथवाणी**

नथवाणी ने कहा कि यहाँ एक दशक से अधिक का समय बिताने के कारण, झारखंड मेरे लिए नया नहीं है। यह मेरी कर्मभूमि है। यहाँ के लोगों की एक बार फिर सेवा करने का अवसर मिलने के लिए दिल की गहराई से आभारी हूं। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास करना, स्वास्थ्य सुविधाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा मेरे फोकस क्षेत्र (प्रमुख ध्यान देने योग्य क्षेत्र) होंगे।

# संघ कार्यालय पर हमला बड़ी साजिश का हिस्सा, सही निकली आशंका : संजय सेठ



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आरएसएस, रांची के कार्यालय पर हुए बम हमले के मामले में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कल ही हमने इस घटना के पीछे बड़ी साजिश की आशंका जताई थी और आज की जांच में वह आशंका सही साबित होती दिखाई दे रही है।उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तथ्यों से स्पष्ट है कि यह किसी एक व्यक्ति की करतूत नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और व्यापक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य रांची और झारखंड की शांति एवं सौहार्द को भंग करना तथा संघ जैसे राष्ट्रभक्ति के संगठन को नुकसान पहुंचाना था। ईश्वर की कृपा से राष्ट्रविरोधी ताकतें अपने इस षड्यंत्र में सफल नहीं हो सकीं।सेठ ने कहा कि इस पूरे मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए, ताकि इस षड्यंत्र से जुड़े सभी कनेक्शन, इसके पीछे सक्रिय नेटवर्क और साजिशकर्ताओं की पहचान हो सके तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने कहा कि यह हमला केवल संघ कार्यालय पर नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना, देश के करोड़ों स्वयंसेवकों और नागरिकों की भावनाओं पर हमला है। ऐसे कृत्य किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकते और ऐसे दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। संजय सेठ ने राज्य प्रशासन से मांग की कि संघ कार्यालय की सुरक्षा तत्काल और स्थायी रूप से सुदृढ़ की जाए, वहां स्थायी पुलिस पिकेट की स्थापना की जाए तथा इस घटना में शामिल असामाजिक एवं राष्ट्रविरोधी तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# फ्रांस पहुंची झारखंड की साइकिलिस्ट सरिता, यूरोपियन सर्किट में दिखाएंगी दम



**रांची।** झारखंड की उभरती साइकिलिस्ट सरिता कुमारी वर्ल्ड स्पोर्ट्स एक्सपोजर टूर के तहत भारतीय टीम के साथ फ्रांस के हैयेरपहुंच गई हैं। झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन ने इसे राज्य के खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने बताया कि सरिता कुमारी को वर्ल्ड स्पोर्ट्स एक्सपोजर टूर के दौरान उन्हें एक माह तक यूरोपियन सर्किट में आयोजित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और तकनीकी अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा।उन्होंने बताया कि सरिता अपने साथ झारखंड सरकार के खेल विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई साइकिल भी फ्रांस लेकर गई हैं। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस दौरे से उनके प्रदर्शन में और निखार आएगा और भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए उनकी तैयारी मजबूत होगी। भारतीय टीम में सरिता के चयन पर झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों और साथी खिलाड़ियों ने खुशी जताई है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि सरिता आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देश और झारखंड का नाम रोशन करेंगी।

# देवघर एम्स में सुरक्षा कर्मियों का विरोध प्रदर्शन



**देवघर ।** झारखंड के एकमात्र एम्स, देवीपुर में शुक्रवार को सुरक्षा कर्मियों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। नाराज सुरक्षा गार्डों ने एम्स के मुख्य गेट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन कर रहे सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि एम्स प्रशासन द्वारा उन्हें अक्सर बेवजह प्रताड़ित किया जाता है। उनका आरोप है कि वे सभी निर्धारित निर्देशों का पालन करते हुए ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं, इसके बावजूद उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है।सुरक्षा गार्डों ने बताया कि हाल ही में उनके पांच साथियों को सेवा से हटा दिया गया है। इसी फैसले के विरोध में सभी सुरक्षा कर्मी एकजुट होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि हटाए गए सभी सुरक्षा कर्मियों को वापस काम पर लिया जाए। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने प्रशासन से अपने साथियों की बहाली और समस्याओं के समाधान की मांग की। वहीं, इस मामले में एम्स प्रशासन की ओर से खबर लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

# न तो ओटीपी आया न ही लिंक दबाया फिर भी एक लाख 92 हजार गंवाया

**बोकारो।** तेनुघाट (ओपी) पेटरवार थाना क्षेत्र के चटनियाबागी निवासी अंसारी राजू हकीम मोहम्मद के साथ एक अजीब वाकया हो गया। राजू के मोबाइल पर न तो किसी तरह का ओटीपी आया और न ही किसी तरह का लिंक ही राजू ने दबाया। इसके बाद भी राजू के खाते से दो बार में एक लाख 92 हजार की निकासी हो गयी।इसके बाद भी राजू के मोबाइल पर रूपये निकासी का कोई मैसेज तक नहीं आया।राजू जब अपने खाते से राशि निकालने के लिए बैंक गया, तब उसे एक लाख 92 हजार रूपये निकासी का पता चला। बदहवास राजू ने पहले बैंक से अनुरोध कर सभी तरह के ट्रांजेक्शन पर रोक लगाया।इसके बाद आवेदन लेकर 13 जून को प्राथमिकी दर्ज कराने स्थानीय थाना पहुंचा।आवेदन लेने के बाद थाना के तरफ से चार दिन बाद आने को कहा गया।बैंक की ओर से कार्रवाई करने की बात कहने पर बैंक ने थाना से आवेदन रिसिंग की मांग की।परेशान राजू गुरूवार 18 जून को सेक्टर वन स्थित साइबर थाना पहुंचा। अपनी आपबीती इंस्पेक्टर अनिल कच्छप को सुनायी।इसके बाद श्री कच्छप ने साइबर सेल के पुलिस अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई की बात कही।राजू ने बताया कि महाराष्ट्र के थाणे जिला में फूड डिलवरी का काम करते है।एक-एक पाई जमा कर रहे है, ताकि घर परिवार चला सके। फिलहाल बोकारो स्थित अपने चटनियाबागी घर आये है। 13 जून को बैंक पैसे निकासी करने गये थे। इसी दौरान पता चला कि नौ जून व 10 जून को खाते से यूपीआइ द्वारा एक लाख 92 हजार दूसरे दो बैंक खाते में ट्रांजेकशन किया गया है.


**पूर्व रेलवे**

**खुला ठिका खोबोर संख्या: 24 एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, तारिक: 17.06.2026 होते ई-ठिका खोज।** वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नोवाको कामीय लागित् ई-ठिकाको खोजेत् **काना: कामी ञुतुम/ठांव:** आसनसोल मंडल: सीतारामपुर-झाझा मेन लाइन आर मधुपुर-गिरिडीह आर जसीडीह-बैद्यनाथ धाम शाखा लाइन रे समपार सोड़ोक रेयाक् सुधराउ घालोक् मारेनाक्, जीर्ण-शीर्ण गेट लॉज रेयाक् बोदोल घालोक् एसओडी आकोट चाबाय लागित् नावांनाक् गेट लॉज बेनाव होतेते गेट लॉज दो उनाचाड़। **ठिका गोनोङ:** रू 1,29,85,681.59। **बायना टाका:** रू 2,59,700। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** आंगोच साकाम जारीक् तारिक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् तारिक आर सोमोय:** 10.07.2026 हिलोक् 2.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् विवोरोन:** https://www.ireps.gov.in

(ASN-143/2026-27)

ठिका खोबोर वेबसाइट: www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों मेनाक् आकादा।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# ग्रामीणों ने नियोजन मुआवजा और पुनर्वास के लिए किया प्रदर्शन

**धनबाद।** कतरास चैतुडीह कोलियरी में संचालित आरके माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी परियोजना विस्तारीकरण की पहल हो गई है। वहीं लकड़का बस्ती के ग्रामीणों ने प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए गुरुवार को प्रदर्शन किया। प्रबंधन पर नियमानुसार हल नहीं निकालने तथा वादा के खिलाफ काम करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने नियोजन, मुआवजा व पुनर्वास की मांग की। जल्द ही इस पर विचार नहीं किए जाने पर जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी। ग्रामीण दक्षिणेश्वर कुंभकार ने कहा कि यहां के ग्रामीणों काफी दहशत में हैं। नीलकंठ कुंभकार के घर गैस रिसाव, रोबिन पाल के घर का छत क्षतिग्रस्त, घरों में दरारें पड़ रही है। गांव का एक मात्र तालाब का पानी सूखने लगा है।

# राजद और माले ने पैसे लेकर की वोटिंग : के राजू

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा है कि राज्यडसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामदल ने धोखा दिया है।उन्होंने गुरुवार को झारखंड विधानसभा परसिर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजद और वामदल के विधायकों ने पैसा लेकर एनडीए समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग की है। के राजू ने कहा कि प्रणव झा को कांग्रेस के सभी 16 विधायकों का वोट मिला। इस परिणाम का सरकार की सेहत पर असर को लेकर के राजू ने कहा कि भविष्य में इस विषय को देखा जाएगा। साथ ही कहा कि सरकार में रहने को लेकर समीक्षा की जाएगी।



**झामुमो का मिला पर्याप्त सहयोग : दीपिका** वहीं मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी कहा है कि राजद और वामदल के विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की आशंका है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश प्रभारी ने ऐसा बयान दिया, तो सही कहा होगा।दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट थे। झामुमो का पर्याप्त सहयोग मिला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 04 मत का वादा किया था और वह हमें मिला है। दीपिका पांडेय सिंह ने दावा किया कि झामुमो के विधायकों के द्वितीय प्राथमिकता का वोट भी कांग्रेस को मिला। दीपिका पांडेय सिंह चुनाव परिणाम का असर सरकार पर पडने के सवाल पर कहा कि यह कहना जल्दीबाजी होगी, लेकिन मंथन तो होगा। उन्होंने कहा कि सारी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी और इसकी समीक्षा होगी।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी के राजू के बयान पर कहा कि पार्टी प्रभारी ने अपने स्त्रोत के हिसाब से बयान दिया होगा। उन्होंने कहा कि वे किसी जल्दीबाजी में कोई बात नहीं कहना चाहते। वे पहले आश्वस्त होना चाहेंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि सरकार में शामिल रहना है कि नहीं, इसकी समीक्षा जरूर होगी। उल्लेखनीय है कि इंडिया गठबंधन के पास स्वाभाविक रूप से 56 विधायकों का समर्थन था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 04 और वामदल के 02 विधायक थे। झामुमो ने दावा किया था कि उनके पास 61 विधायकों का समर्थन है। कांग्रेस पार्टी भी प्रणव झा की जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही थी।

# एनएच 33 रांची-टाटा मार्ग को मिलेगी नई रफ्तार : संजय सेठ

**सरायकेला।** सरायकेला -खरसावां जिला अंतर्गत चौका थाना के चावलीबासा में गुरुवार को टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग-33 के सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ और जमशेदपुर सांसद विद्युत बरण महतो की मौजूदगी में पंडितों ने विधिवत भूमिपूजन कराया।इसके बाद चौका स्थित दादुर बागान में सभा का आयोजन हुआ।ओवरले परियोजना के तहत रांची-महुलिया,टाटा खंड के 126.49 किलोमीटर लंबे मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य 214.79 करोड़ रुपये की लागत से होगा।इससे रांची-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग को नई रफ्तार मिलेगी और यात्रियों को जाम व गड्ढों से राहत मिलेगी। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाकर शेरशाह सूरी के इतिहास को हमेशा के लिए मिट्टी मिला दिया। प्रधानमंत्री आवास के लिए गरीबों को बालू नहीं मिल रही।उन्होने कहा प्रखंड कार्यालय से जिला मुख्यालय तक भ्रष्टाचार चरम पर है।

बिना चढ़ावा दिए कोई काम नही होता है।इस मौके पर जमशेदपुर सांसद विद्युत बरण महतो ने कहा पहले सड़क पर गड्ढे थे,अब मिल रही रफ्तार,नरेंद्र मोदी और नितिन गडकरी की सरकार आने के बाद ही एनएच सड़कें दुरुस्त हुई हैं।इससे पहले सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे थे,चलना मुश्किल था।अब इन्हीं सड़कों को नई रफ्तार देने का काम हो रहा है।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान, नेत्री सारथी महतो, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो, पप्पु वर्मा, देवाशीष राय, अनीता पारित, दिवाकर सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस का बिकने का इतिहास, दूसरों पर उंगली उठाने से पहले झांके : माले



**रांची।** माले के झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी के दोनों विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में मतदान किया। मतदान प्रक्रिया के दौरान पार्टी की ओर से पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो और केंद्रीय कमिटी सदस्य गीता मंडल अधिकृत एजेंट के रूप में मौजूद थे और उन्होंने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी की ओर से अधिकृत एजेंट हलधर महतो वहां मौजूद थे।राज्य सचिव ने कहा कि पार्टी के विधायकों ने वोट देकर उन्हें दिखाया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के विधायकों ने कांग्रेस के उम्मीदवार प्रणव झा को ही वोट किया है।मनोज भक्त ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के परिणाम से साफ है कि कांग्रेस अपने विधायकों को संभालने में विफल रही है। कांग्रेस अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए अनर्गल प्रलाप कर रही है।कांग्रेस का बिकने का इतिहास रहा है। दूसरों पर उंगली उठाने से पहले कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।उन्होंने कहा कि भाकपा (माले) इंडिया गठबंधन की एक जिम्मेदार सहयोगी पार्टी है और उसने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन किया है। इसलिए निराधार आरोप लगाने के बजाय कांग्रेस नेतृत्व को अपने भीतर हुई टूट और क्रॉस वोटिंग के कारणों की गंभीर समीक्षा करनी चाहिए।

# फुसरो में भूमिगत आग से धंसी सड़क, दहशत में सैकड़ों परिवार

संताल एक्सप्रेस

**बोकारो ।** बेरमो, फुसरो के पांच नंबर धौड़ा क्षेत्र में रविवार को भूमिगत आग के कारण अचानक सड़क धंस जाने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज के साथ सड़क का एक हिस्सा धंसने से आसपास रहने वाले सैकड़ों परिवारों में दहशत फैल गई। लोग घरों से बाहर निकल आए, जबकि कई महिलाओं ने बच्चों को गोद में उठाकर सुरक्षित स्थानों की ओर दौड़ लगाई। बुजुर्ग और बच्चे भयभीत नजर आए। घटनास्थल के आसपास कई स्थानों से धुआं निकलता देखा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन के नीचे लंबे समय से आग सुलग रही है और इसी के कारण धंसान की यह घटना हुई है। सड़क के दोनों ओर भूमिगत आग की स्थिति बनी हुई है,



जिससे आसपास की आबादी और औद्योगिक गतिविधियों पर भी खतरा मंडरा रहा है। जिस स्थान पर धंसान हुआ है, वह सीसीएल की प्रमुख परिवहन सड़क के बेहद करीब है, जहां से प्रतिदिन कोयले का परिवहन होता है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और सीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि भूमिगत आग के कारण सड़क धंसी है। एहतियात के तौर पर इस मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि एसडीओ, सीओ, सीसीएल अधिकारियों और रोड कंस्ट्रक्शन विभाग की संयुक्त टीम को निरीक्षण के लिए भेजा गया है। सीसीएल को 48 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन की ओर से फुसरो बाजार होकर वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। उपायुक्त ने उम्मीद जताई कि तीन से चार दिनों के भीतर वैकल्पिक मार्ग चालू कर दिया जाएगा। हालांकि स्थानीय लोग स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं और आशंका जता रहे हैं कि यदि भूमिगत आग का दायरा बढ़ा तो भविष्य में बड़े हादसे हो सकते हैं। विशेषज्ञों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने झरिया की तरह बेरमो क्षेत्र में भी भूमिगत आग की समस्या के स्थायी समाधान, गहन भू-सर्वेक्षण और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में जल्द कदम उठाने की आवश्यकता बताई है। फिलहाल प्रशासन ने प्रभावित इलाके में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी है और लोगों से धंसान प्रभावित क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है।

# बलियापुर में लापरवाह सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई

**धनबाद।** बलियापुर प्रखंड व अंचल के निरीक्षण व समीक्षा बैठक में गड़बड़ी व लापरवाही पर डीसी आदित्य रंजन ने बड़ी कार्रवाई की है। बलियापुर की सीडीपीओ का वेतन रोका गया है। एक प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित किया गया है। बलियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद के प्रभारी डाक्टर को हटाने का निर्देश डीसी ने दिया है। प्रखंड व अंचल के क्लर्क व अन्य कर्मियों का वेतन रोक दिया है। आंगनबाड़ी की पर्यवेक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जनवितरण प्रणाली की दुकानों तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर भी कार्रवाई की गई है।

# ठनका गिरने से बच्चे की मौत

**चाईबासा।** जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित मलूका तांती बाड़ा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां को हल्की चोटें आई हैं। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।मृतक बच्चे की पहचान आयुष हाईबुरू के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बुधवार शाम में मौसम अचानक खराब हो गया था। उस समय आयुष अपने दो अन्य भाई-बहनों के साथ घर के आंगन में खेल रहा था, जबकि उसकी मां पास में खाना बना रही थी। इसी दौरान तेज गर्जना और बिजली चमकने लगी। अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आयुष आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# स्पीकर ने नव नवनिर्वाचित बैजनाथ राम को दी बधाई



संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** राज्यसभा चुनाव की मतगणना पूरी होने के बाद नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य बैजनाथ राम ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो से शिष्टाचार भेंट की।विधानसभा स्थित अध्यक्षीय कक्ष में हुई मुलाकात के दौरान माननीय अध्यक्ष ने श्री बैजनाथ राम को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। माननीय अध्यक्ष ने कहा कि निर्वाचित होने वाले सभी सदस्यों से अपेक्षा है कि वे देश के उच्च सदन में पहुँचकर झारखंड की आवाज़ बनें। झारखंड के हक, अधिकार और विकास के मुद्दों को मजबूती से रखें और राज्य को विकास की राह में और आगे ले जाने में सहभागी बनेंगे।

# घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने एक महिला की जान ले ली। सिंदवार टोली में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपित पवन मुंडा ने बुधवार देर रात अपनी पत्नी बेला मुंडा के साथ मारपीट की। गंभीर चोटों के कारण बेला मुंडा की मौत हो गई। घटना का खुलासा गुरुवार सुबह तब हुआ, जब घर के बच्चे वापस लौटे और उन्होंने अपनी मां को खून से लथपथ हालत में घर के भीतर पड़ा पाया। उस समय पवन मुंडा घर पर मौजूद नहीं था। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने और भीषण गर्मी के कारण बच्चे रात में एक रिश्तेदार के घर सोने चले गए थे। गुरुवार की सुबह घर लौटने पर उन्होंने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद बेला मुंडा को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक मारपीट के कारण उनकी मृत्यु हुई। घटना की सूचना मिलते ही बरियातू थाना पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पवन मुंडा मोरहाबादी स्थित एदलहातू तालाब के पास छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। बरियातू थाना प्रभारी प्रकाश रजक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद की बात सामने आई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# रांची से बेंगलुरु-हैदराबाद के लिए जल्द मिल सकती है नई ट्रेन की सौगात

**रांची।** रांची से दक्षिण भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए जल्द बड़ी राहत मिलने की संभावना है। रेलवे ने रांची से बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए नई ट्रेनों के संचालन का प्रस्ताव तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अगले एक महीने के भीतर दोनों ट्रेनों का परिचालन शुरू हो सकता है।रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम श्रेया सिंह ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दक्षिण भारत जाने वाली ट्रेनों में लगातार बढ़ रही भीड़ और लंबी वेटिंग सूची को देखते हुए यह पहल की गई है। नई ट्रेनों के शुरू होने से यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने में आसानी होगी ।

# बिजली संकट के निदान के लिए महाप्रबंधक कार्यालय पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**धनबाद।** डुमरा बस्ती में कई दिनों से जारी बिजली संकट और लो-वोल्टेज की समस्या से तंग आकर गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया आनंद कुमार महतो के नेतृत्व में बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से क्षेत्र में लो-वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती हो रही है। इस तपती गर्मी में बिजली न होने से न तो घरों के पंखे चल पा रहे हैं और न ही पानी का मोटर काम कर रहा है, जिससे पीने के पानी का भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे डुमरा के मुखिया आनंद कुमार महतो ने कहा कि बिजली की इस बदहाली के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बुजुर्ग व बीमार लोग इस उमस भरी गर्मी में बेहाल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायत की गई, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जीएम कार्यालय के समक्ष घंटों चले इस विरोध प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल जीएम केके सिंह से मिला। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्बाध बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई और लो-वोल्टेज की समस्या को दूर नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में चक्का जाम और अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

# बोकारो में विवाहिता की मौत के बाद हंगामा

**बोकारो।** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत दुगदा थाना के दुगदा बस्ती में गुरुवार को एक विवाहिता की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजन शव लेकर चंद्रपुरा अस्पताल आए। ससुराल वालों ने कहा कि मृतका ने फांसी लगायी है जबकि यहां पहुंचे मायके वालों का कहना था कि उसकी गला दबाकर हत्या की गयी है।मृतका रोशनी कुमारी(25 वर्ष) की शादी पांच वर्ष पहले दुगदा बस्ती में पृथ्वी केवट उर्फ लालू के साथ हुई थी।मृतका का मायके चितरपुर रामगढ में है जबकि दुगदा बस्ती में हीं उसका ननिहाल भी है।मृतका के पिता की मौत पहले हीं हो चुकी है।इधर मृतका को चंद्रपुरा अस्पताल लेकर पहुंचे ससुराल वालों ने बताया कि उसने बंद कमरे में फांसी लगा ली जिसे लेकर वे चंद्रपुरा अस्पताल आए।यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस घटना की खबर जब मृतका के मायके व ननिहाल में हुई तो परिजन अस्पताल आए और जमकर हंगामा किया।मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या गला दबाकर की है। आक्रोशित मायके वालों ने कहा कि जबतक पूरे परिवार को पुलिस पकड़ नहीं लेती तबतक पोस्टमार्टम नहीं कराया जायेगा। मृतका की एक तीन साल की लड़की है। सुचना के अनुसार मृतका के पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।मृतका की मां पुसवा देवी अन्य परिजनों के साथ दुग्दा थाना गयी है।इधर दुगदा पुलिस ने अस्पताल में कागजी कार्रवाई पूरी कर ली है। मृतक के परिजन दुगदा थाना में पूरे परिवार के खिलाफ केस करने गए हैं।

# मोरहाबादी में डिलीवरी बॉय की पिटाई इंसाफ के लिए सैकड़ों कर्मियों ने घेरा अपार्टमेंट

**रांची।** मोरहाबादी में गुरुवार को एक ऑनलाइन डिलीवरी ऐप ब्लिंकिट के डिलीवरी बॉय के साथ से मारपीट की गई। घटना मोरहाबादी स्थित रामकृष्ण अपार्टमेंट के पास की है। इस घटना के विरोध में सैकड़ों की संख्या में डिलीवरी कर्मी एकजुट हो गए और अपार्टमेंट का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को ब्लिंकिट का एक डिलीवरी बॉय सामान की डिलीवरी देने के लिए मोरहाबादी के रामकृष्ण अपार्टमेंट पहुंचा था।इसी दौरान किसी बात को लेकर वहां मौजूद कुछ लोगों से उसकी बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि लोगों ने डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे बुरी तरह से पीट दिया गया। अपने साथी के साथ हुई मारपीट की खबर जैसे ही रांची के अन्य ब्लिंकिट डिलीवरी पार्टनर्स को मिली, वे आक्रोशित हो गए।देखते ही देखते करीब सैकड़ों की संख्या में डिलीवरी कर्मी काम छोड़कर रामकृष्ण अपार्टमेंट के पास जुटने लगे। कर्मियों ने अपार्टमेंट के बाहर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया और पीड़ित को इंसाफ दिलाने तथा मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग पर अड़ गए।

# जी-7 बैठक के निहितार्थ

फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन पर इस समय पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा और युद्ध जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का यह मंच एकत्रित हुआ है। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या जी-7 आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रभावशाली है, जितना उसकी स्थापना के समय था? क्या यह संगठन वास्तव में वैश्विक समस्याओं के समाधान का मंच बन पाया है अथवा यह कुछ शक्तिशाली देशों के हितों की रक्षा का माध्यम बनकर रह गया है? क्या इस मंच की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने स्वार्थों के चलते धुंधलाने में लगे हैं? विश्व में शांति स्थापना, संतुलित आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बने विभिन्न वैश्विक संगठनों की सफलता का मूल्यांकन उनके परिणामों से होता है, न कि उनके घोषणापत्रों से। दुर्भाग्य से जी-7 के संदर्भ में यह प्रश्न बार-बार उठता रहा है कि इसके निर्णयों और घोषणाओं का वास्तविक प्रभाव कितना है। पिछले वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन की चुनौती और बढ़ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी समस्याओं के समाधान में यह संगठन अपेक्षित भूमिका निभाने में सफल नहीं दिखा है। जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों के साथ भी कई बार ऐसा व्यवहार किया है, मानो वे साझेदार नहीं बल्कि अमेरिकी नीतियों का अनुसरण करने वाले अनुयायी हों। टैरिफ युद्ध, व्यापारिक प्रतिबंध, रक्षा व्यय को लेकर दबाव और अनेक एकतरफा निर्णयों ने सदस्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ाया है। विशेषतः ईरान- इजरायल युद्ध ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था को धराशायी कर दिया और यह सब अमेरिका के कारण ही हुआ है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है। जी-7 समूह के देश भी इसको लेकर बंटे हुए थे। यही कारण है कि जी-7 के भीतर आज पहले जैसी एकजुटता दिखाई नहीं देती। फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और जापान जैसे देश कई मुद्दों पर अमेरिका से अलग दृष्टिकोण रखते हैं। ईरान युद्ध ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रश्न पर, वैश्विक व्यापार के नियमों पर और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका को लेकर भी मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में यह अपेक्षा करना कठिन है कि यह संगठन विश्व की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए कोई सर्वमान्य और प्रभावी रणनीति प्रस्तुत कर पाएगा। इस सम्मेलन में भारत की उपस्थिति विशेष महत्व रखती है। भारत भले ही जी-7 का सदस्य न हो, लेकिन उसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति, वैश्विक प्रतिष्ठा और विकासशील देशों के प्रतिनिधि स्वरूप ने उसे इस मंच का एक महत्वपूर्ण सहभागी बना दिया है। यह अवसर केवल भारत की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का नहीं, बल्कि उन विकासशील और निर्धन देशों की आकांक्षाओं को मुखर करने का भी है, जिनकी आवाज अक्सर वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में दब जाती है। आज अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के अनेक देश आर्थिक संकट, खाद्य असुरक्षा, जलवायु आपदाओं और ऋण के बोझ से जूझ रहे हैं। उनकी प्राथमिकताएं जी-7 देशों की प्राथमिकताओं से भिन्न हैं। इसलिए भारत को यह प्रश्न उठाना चाहिए कि क्या विश्व की दिशा तय करने का अधिकार केवल कुछ विकसित देशों तक सीमित रहना चाहिए? क्या वैश्विक शासन व्यवस्था को अधिक लोकतांत्रिक, समावेशी और प्रतिनिधिक नहीं बनाया जाना चाहिए? यह समय विकासशील देशों की आवाज को मजबूती देने और वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की चिंताओं को केंद्र में लाने का है। जी-7 की प्रासंगिकता पर सबसे बड़ा प्रश्न उसकी प्रभावशीलता को लेकर है। यदि कोई संगठन विश्व की प्रमुख समस्याओं को रोकने या सुलझाने में सक्षम नहीं है, तो उसकी उपयोगिता स्वतः प्रश्नों के घेरे में आ जाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से जारी है। पश्चिम एशिया लगातार अशांत बना हुआ है। आतंकवाद और कट्टरता की चुनौतियां बनी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया अभूतपूर्व संकटों का सामना कर रही है। इसके बावजूद वैश्विक नेतृत्व देने का दावा करने वाले मंचों की उपलब्धियां सीमित दिखाई देती हैं।

# योग से जीवन को दिशा दें

-गिरीश्वर मिश्र

आज की डिजिटल और दौड़-धूप वाली जिन्दगी में हम खुद को भी वस्तुओं की भीड़ में खड़े पाते हैं। उस भीड़ में हम खोते जा रहे हैं और कभी-कभी खुद को भी पहचानना कठिन हो रहा है। घटनाओं का द्रुतगामी आवेग ऐसा हो रहा है कि हमारे जीवन का क्षण-क्षण कुछ नया पुराना जोड़ता जा रहा है और हम सब परिवर्तन के तनाव से जूझ रहे हैं। ऐसे में जब कभी अपने स्वभाव को समझने चलते हैं तो अपने को बड़ी जटिल संरचना से मुखातिब पाते हैं, जिसमें मन और शरीर दोनों हैं जो सोचने और करने के दायित्व को निभाने का काम करते हैं। यह संरचना जटिल होते हुए भी सहज है क्योंकि उसके सारे अवयव एक संगति और लय में काम करते हैं। और तो और वे परस्पर निर्भर होने के कारण एक-दूसरे के पूरक भी हैं।

बात यहीं नहीं खत्म होती क्योंकि यह संरचना क्रियाशील है। यह एक जैविक उपकरण की तरह कार्य करता है जो सतत रचता रहता है। इसीलिए शरीर को प्रमुख या आद्य साधन माना गया है। कवि कालिदास के शब्दों में ÷शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनं÷ कहकर स्मरण किया जाता है। गोस्वामी तुलसीदास इसे साधन-धाम कहते हैं जो मोक्ष यानी सारे कष्टों से छुटकारा दिलवाता है। इतिहास साक्षी है कि मनुष्य के कर्तृत्व की कोई सीमा नहीं है पर उसके लिए मन और शरीर की जुगलबंदी अच्छी तरह से होनी चाहिए। वस्तुतः मन-शरीर मिल कर जो कुछ भी हमें सृजन करने का मौका देते हैं वह अपूर्व यानी नया होता है। मन में उठे विचारों से जो यात्रा शुरू होती है वह शब्दों और कर्मों से होकर विभिन्न उत्पादों के रूप में भौतिक जगत में मूर्त आकार पाती है। इस रची जाती दुनिया के साथ हमारा नित्य साबका पड़ता है और फिर हम भी बदलते हैं और हमारी दुनिया भी बदलती है। यह क्रम सदा चलता रहता है। सच कहें तो इस तरह की गतिशीलता या गतिमय होना जीवन की निशानी होती है। कहने को वह एक स्थिति भी है और प्रगति तथा विकास की यात्रा को दिशा भी देती है। वह पथ भी है और पाथेय भी।जब कहा गया धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्य मूलमुत्तमम् यानी धर्म, अर्थ, और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थ के लिए आरोग्य उत्तम मूल यानी मुख्य आधार है तो इसी तरफ़ संकेत किया गया था कि मन और शरीर की जगलबंदी की लय बनी रहे। आरोग्य यानी निरोगी रहना विकारों से मुक्त रहना है। यही हमारा स्वभाव है और उसे बनाए रखना हर प्राणी का कर्तव्य है। प्रकृति ने इसी तरह से प्रोग्राम किया है पर आज इस लय को बनाये रखना मुश्किल हो रहा है क्योंकि स्वाभाविक प्रोग्राम पर चलने के रास्ते में बहुत से विकार आड़े आ रहे हैं। विकार बाधक होते हैं और आगे बढ़ने में रोड़ा तो अटकाते ही हैं, साथ ही हमारी शक्ति और ऊर्जा का अपव्यय भी होते हैं। जब हमारा ध्यान अपने लक्ष्य से भटक जाता है, तो हम काम नहीं कर पाते।आज के तेज़ी से डिजिटल हो रहे युग में बच्चे-बूढ़े सभी आमतौर पर ध्यान के भटकाव की शिकायत करते मिलते हैं। उनका चित्त स्थिर नहीं रह पाता है और इसके फलस्वरूप कोई काम ठीक से नहीं हो पाता और स्मृति भी कमजोर पड़ने लगती है। दूसरी ओर यह सबका अनुभव है कि ध्यानावस्थित या दत्तचित्त होकर ही कोई कार्य सिद्ध किया जा सकता है। 'ध्यान देना' और कुछ नहीं, अपनी चेतना के सतत प्रवाह को एक दिशा में ले जाना है। हम ध्यान को किसी वस्तु, व्यक्ति या घटना में केंद्रित या फ़ोकस करते हैं। इसके लिए स्वयं अपने ऊपर काम करना होगा। अपना उद्धार करने के लिए खुद खड़ा होना होगा-उद्धरेदात्मनात्मानम्। इसके लिए अपने को वस्तु से हटकर साक्षी की भूमिका अपनानी पड़ती है।सामान्य अनुभव तो यही है कि बाहर की दुनिया की चकाचौंध हमें खूब आकर्षित करती है पर उस तरफ़ आगे बढ़ने से किसी एक विचार या वस्तु पर ध्यान केंद्रित करने में बाधा पड़ती है। बाहरी दुनिया जिसे हम ठोस सच्चाई या ऑब्जेक्टिव ट्रुथ मानते हैं उसे परम सत्य समझने से हमारा मन उस सत्य के साथ उलझता चला गया। उसके आकर्षण में बंधकर आदमी खुद को उसी में देखने-तलाशने का अभ्यास करने में जुट जाता है। उसके साथ जुड़ाव से उपजने वाली आसक्ति हमारी अपनी समझ और मौलिक पहचान को आशंकित करने लगती है और हम संशयग्रस्त हो जाते हैं।

बाहरी आकर्षण की पराकाष्ठा तब होती है जब द्रष्टा दृश्य में विलीन होने के लिए छटपटाने लगता है। चाहने वाले की तीव्र चाह चाही गई वस्तु के साथ एकमेक होने को आतुर हो उठती है। ध्यान पहचान घनीभूत होती है और वस्तु में समा जाती है। पर कोई वस्तु अंततः वस्तु ही होती है पर उससे आसक्ति उसे जो प्रबल रूप देती है उसके सामने सब झूठ पड़ जाता है। तीव्र भ्रम सत्य से प्रबल होकर कुछ भी करा सकता है (खबर आई थी कि कुछ दिनों पूर्व जापान में एक महिला ने डिजिटल/एआई/रोबो की आभासी कृति से शादी रचाई थी!)। कुल मिलाकर अन्तर्जगत और बाह्य जगत के साथ तालमेल बैठाना यानी ठीक तरह और ठीक जगह जोड़ना जुड़ना आज की सबसे बड़ी चुनौती हो रही है। आज पूरे विश्व में मनोरोगियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि दर्ज हो रही है। ऐसे में योग-शास्त्र और उसकी साधना बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।योग का अर्थ है जुड़ना, पर हर तरह का जुड़ना आकस्मिक या जानबूझकर मिलन का संयोग हो सकता है। योग-शास्त्र के अनुसार योग एक विशेष प्रकार से सायास जुड़ने का नाम है। योग विद्या के आलोक में अन्तर और बाह्य जगत के साथ हमारा रिश्ता नया ओजस्वी अर्थ प्राप्त कर लेता है। यम और नियम नैतिक जीवन जीने की प्रक्रिया बताते हैं तो आसन शरीर का रखरखाव और उसकी क्षमता को संवर्धित करने का काम करते हैं। प्राणायाम हमारे श्वांस और प्राणिक ऊर्जा को व्यवस्थित करते हैं। प्रत्याहार बाह्य दुनिया के साथ विवेकपूर्ण सामन्य को नियमित करता है। ध्यान, धारणा और समाधि अंतरंग योग हैं जो चेतना के परिष्कार को संभव बनाते हैं। इसीलिए महर्षि अरविंद कहते हैं कि ÷पूरा जीवन ही योग है।÷ वह योग को समग्र जीवन-दर्शन के रूप में प्रस्तुत करते हैं। सबसे जुड़कर ही अच्छी तरह से जीना संभव हो पाता है। उसके लिए आवश्यक तैयारी भी अनेक स्तरों पर करनी होती है।

योग के जिस स्वरूप को महर्षि पतंजलि ने व्यवस्थित रूप में 'योग-सूत्र' प्रस्तुत किया था वह इसी तैयारी का मॉडल या नक्शा है। उसे अष्टांग योग कह कर वह यही कहना चाहते थे कि जैसे सभी अंगों से मिल कर शरीर बनता है उसी तरह योग भी अनेक पक्षों से मिल कर बना है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि सबको मिला कर ही योग की रचना पूर्ण होती है। किसी एक अंग (जैसे-आसन या प्राणायाम) मात्र को ही योग कहना अतिव्याप्त करने वाली बात है। इसलिए वह समझ और तदनुसार आचरण असंगत और दिग्भ्रमित करने वाला होगा। खेद है कि आज इसी तरह का भ्रम फैला हुआ है।

हमें यह याद रखना होगा कि योग स्वयं अपने को नियमित करने की ऐसी पद्धति है जो हमें अपना वास्तविक स्वरूप वापस दिलाती है। योग की यात्रा के साथ हम अपने दृश्य को दृश्य के रूप में और खुद को द्रष्टा के रूप में ग्रहण करना शुरू करते हैं। दृश्य के मजबूत बंधनों से छुटकारा पाना आसान नहीं है। हमारा चंचल मन तो हमेशा दृश्य की ओर ही खिंचा रहता है। उसे दृश्य से वापस लेने या प्रत्याहार के लिए हमारे द्वारा सजग चेष्टा जरूरी होती है।

गीता की मानें तो उसके लिए गहन अभ्यास और दृश्य विषय के प्रति आकर्षण कम करना होगा। उसके साथ बर्ताव तो करना होगा, पर आँख मूँदकर नहीं बल्कि विवेक के साथ। उसके साथ हमें अनासक्त भाव से व्यवहार करना होगा। आँख,कान, नाक आदि स्वभाव वश देखने, सुनने और सूंघने का काम तो करेंगे पर क्या और कितना देखें, सुनें और सूंघें यह ज्ञानेन्द्रियों पर या बाहर उपस्थित विषयों पर नहीं छोड़ा जा सकता। यह यांत्रिक ढंग से (मैकेनिकली) नहीं चलना चाहिए। आज जिस तरह बाजार हमारी जरूरतों को बता रहा है और हमें निर्देशित कर रहा है, वह सबके अनुभव का विषय है।

# स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती : एक संत की हत्या पर न्याय का इंतजार

-डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत के लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था के सामने कुछ ऐसे प्रश्न खड़े हैं, जिनका उत्तर सिर्फ शासन की नीयत और प्रशासनिक जवाबदेही में छिपा हुआ है। ओडिशा के प्रसिद्ध संत, जनजातीय समाज के हितैषी और सनातन संस्कृति के प्रखर प्रवक्ता श्रद्धेय स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या ऐसा ही एक प्रश्न बनकर आज भी देश के सामने खड़ी है।उनकी हत्या को लगभग दो दशक बीतने को हैं, किंतु न्याय की प्रक्रिया आज भी अधूरी दिखाई देती है। अब जब उनकी हत्या और उसके बाद हुई हिंसा की जांच से संबंधित महत्वपूर्ण आयोगों की रिपोर्टों के ही लापता होने की बात सामने आई है, तब यह मामला पूरे प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता का विषय बन गया है।सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भारत में किसी न्यायिक अथवा अर्ध-न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट भी गायब हो सकती है? यदि हां, तो फिर देश की संस्थाओं पर जनता भरोसा कैसे करे? जिन रिपोर्टों को वर्षों की जांच, साक्ष्यों और गवाहियों के आधार पर तैयार किया गया, वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचने के बाद अचानक गायब हो जाती हैं और किसी को उनकी जानकारी नहीं होती। क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या इसके पीछे कोई बड़ा सच छिपा हुआ है स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती स्मृति न्यास ने जो सवाल उठाए हैं, वे उनके अनुयायियों की भावनाओं से जुड़े होने के साथ आज हर उस नागरिक की चिंता हैं जो कानून के शासन में विश्वास रखता है। यदि किसी सामान्य व्यक्ति की फाइल गायब हो जाए तो उसे अपनी गलती का दंड भुगतना पड़ता है लेकिन जब राज्य के सबसे महत्वपूर्ण कार्यालयों से न्यायिक जांच रिपोर्टें लापता हो जाती हैं, तब सवाल यह है कि आखिर जवाबदेही तय करने में वर्षों क्यों लग रहे हैं?यह भी विचारणीय है कि जिन रिपोर्टों को 2016 और 2018 में मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा गया था, वे 2024 तक सुरक्षित क्यों नहीं रखी जा सकीं? उसी अवधि की अन्य फाइलें वापस मिल जाती हैं, किंतु सबसे संवेदनशील जांच रिपोर्टें गायब रहती हैं। क्या यह मात्र संयोग है? क्या सरकार जनता को यह विश्वास दिला सकती है कि इतने महत्वपूर्ण दस्तावेज बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वयं ही लुप्त हो गए? क्या इससे यह संदेह पैदा नहीं होता कि भले ही सरकार उड़ीसा में बदल गई है, किंतु कथित अपराधियों की पकड़ सचिवालय पर अब भी भारी है! निश्चित ही इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।यह सर्वविदित है कि लोकतंत्र में सरकारें बदलती हैं पर संस्थाएं और अभिलेख जनता की संपत्ति होते हैं। यदि सत्ता परिवर्तन के दौर में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के गायब होने की आशंका पैदा होती है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। सरकार को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि रिपोर्टें कहां हैं, उन्हें किसने संभाला और आखिर उनकी वर्तमान स्थिति क्या है।

एक और बड़ा प्रश्न न्याय प्रक्रिया को लेकर है। यदि हत्या के इतने वर्षों बाद भी आयोगों की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो सकीं, तो आखिर किसकी रक्षा की जा रही है? जनता को सत्य जानने का अधिकार है। लोकतंत्र में गोपनीयता का उपयोग सत्य को दबाने के लिए नहीं किया जा सकता। यदि रिपोर्टों में ऐसे तथ्य हैं जो समाज को वास्तविकता से अवगत करा सकते हैं, तो उन्हें सार्वजनिक करने में संकोच क्यों?वस्तुत÷ यह सभी को स्मरण रखना चाहिए कि संत स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए लंबा कार्य करनेवाले महान व्यक्तित्व हैं। उन्होंने अवैध धर्मांतरण के खिलाफ मुखर आवाज उठाई थी। ऐसे व्यक्ति की हत्या यदि आज भी विवादों और अनुत्तरित प्रश्नों से घिरी हुई है तो यह किसी एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं बल्कि उन हजारों-लाखों लोगों की भावनाओं के साथ भी अन्याय है जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

अत÷ सरकार का यह दायित्व है कि वह सिर्फ प्राथमिकी दर्ज कर अपने कर्तव्य की इतिश्री न माने। इससे अधिक आवश्यक है कि जांच निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध हो। यदि दस्तावेजों को जानबूझकर हटाया गया, छिपाया गया या नष्ट किया गया है तो यह न्याय प्रक्रिया को बाधित करने का गंभीर कृत्य है। ऐसे लोगों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों द्वारा सीबीआई जांच की मांग भी इसी अविश्वास की पृष्ठभूमि में उठी है। जब राज्य की व्यवस्था स्वयं संदेह के घेरे में हो तब स्वाभाविक रूप से एक स्वतंत्र एजेंसी की मांग उठेगी। सरकार को इस मांग को जनता के विश्वास की कसौटी पर देखना चाहिए और एक स्वतंत्र एजेंसी को इस पूरे मामले में जांच अतिशीघ्र सौंप देना चाहिए।2026 स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती का जन्म शताब्दी वर्ष है। देशभर में उनके योगदान को स्मरण करने की तैयारी हो रही है, किंतु विडंबना देखिए; जिस संत को श्रद्धांजलि देने की

## पाकुड़ की खबरें

### विशेष प्रमाण-पत्र शिविर में 17,401 आवेदन प्राप्त, 1,479 का हुआ निष्पादन

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़ । जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर आम नागरिकों को प्रमाण-पत्र संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित 15 से 17 जून तक विशेष प्रमाण पत्र शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर में जिले के सभी अंचलों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर जाति, आवासीय और आय प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन जमा किए। शिविर के दौरान जिलेभर से कुल 17,401 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 7,792 जाति प्रमाण-पत्र, 9,039 आवासीय प्रमाण-पत्र तथा 570 आय प्रमाण-पत्र के आवेदन शामिल हैं। प्राप्त आवेदनों में से 928 जाति प्रमाण-पत्र, 469 आवासीय प्रमाण-पत्र और 82 आय प्रमाण-पत्र आवेदनों का निष्पादन किया गया। इस प्रकार कुल 1,479 आवेदनों का निपटारा किया गया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित आवेदनों का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन को सरल, सुलभ, पारदर्शी एवं जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा पात्र आवेदकों को निर्धारित समयावधि में प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### 16 ग्राम सभाओं को वाद्य यंत्र उपलब्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर





संताल एक्सप्रेस अमड़ापाड़ा(पाकुड़)प्रखंड परिसर में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता एवं अंचलाधिकारी औसाफ अहमद खां ने संयुक्त रूप से प्रखंड की 16 ग्राम सभाओं के बीच वाद्य यंत्रों का वितरण किया। यह वितरण एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरण (आईटीडीए) की ओर से किया गया। कार्यक्रम में संबंधित ग्राम सभाओं के प्रधान, मुखिया एवं अन्य ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक कला-संस्कृति को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वाद्य यंत्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में मांदर, ढाक, नगाड़ा, तासा समेत विभिन्न पारंपरिक वाद्य यंत्रों का विशेष महत्व है। इन वाद्य यंत्रों का उपयोग सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों में किया जाता है। ऐसे में इनका संरक्षण आवश्यक है। जबकि बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयासरत है। ग्राम सभाओं को उपलब्ध कराये गये वाद्य यंत्रों का उपयोग सामुदायिक कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक आयोजनों में किया जायेगा जिससे नई पीढ़ी भी अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकेगी। वहीं सीओ औसाफ अहमद खां ने ग्राम प्रतिनिधियों से वाद्य यंत्रों का समुचित रखरखाव करने तथा उनका उपयोग सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों ने सरकार एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं में अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। मौके पर प्रखंड कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### व्यापारियों और आम जनता की समस्याओं को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सरकार से की छह प्रमुख मांगें

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। पाकुड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर परिषद क्षेत्र के व्यापारियों और आम नागरिकों की समस्याओं तथा व्यापारिक हितों को लेकर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। चैंबर की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के सचिव को मांग पत्र भेजकर विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की गई है। चैंबर के सचिव संजीव कुमार खत्री द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में नगर परिषद क्षेत्र की छह प्रमुख समस्याओं को उठाया गया है। मांग पत्र में कहा गया है कि नगर परिषद क्षेत्र में बढ़ाए गए होल्डिंग टैक्स की दरों की समीक्षा कर उसमें यथोचित कमी की जाए, ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। चैंबर ने शहरी जलापूर्ति योजना का स्वागत करते हुए 7,000 रुपये के कनेक्शन शुल्क तथा प्रति 1,000 लीटर पानी पर निर्धारित 7 रुपये शुल्क की पुनर्समीक्षा करने की मांग की है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। इसके अलावा नगर परिषद की दुकानों का किराया निर्धारित एग्रीमेंट के अनुसार प्रति तीन वर्ष में अधिकतम 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ लेने, ट्रेड लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ाने तथा होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस नवीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने की मांग की गई है। मांग पत्र में नगर क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति, नालियों की सफाई, स्वच्छता व्यवस्था और स्ट्रीट लाइटों के बेहतर रखरखाव के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का भी आग्रह किया गया है। साथ ही क्षेत्र में लगाए जा रहे टोल टैक्स पर पुनर्विचार की मांग करते हुए कहा गया है कि इसका प्रतिकूल प्रभाव स्थानीय व्यापार और आम जनता पर पड़ रहा है। मांग पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त पाकुड़, नगर परिषद प्रशासक तथा फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रांची समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है।

### बिजली तार की चपेट में आए हनुमान

पाकुड़। बिजली तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए एक हनुमान लंगूर की जान वन विभाग की तत्परता से बच गई। यह घटना शहर के पुलिस लाइन स्थित डीपीएस स्कूल के आसपास की है, जहां स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में लंगूर को देखा और इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक घायल लंगूर का रेस्क्यू किया। बिजली के झटके से घायल हुए लंगूर की स्थिति गंभीर थी, जिसके बाद उसे तत्काल जिला पशु चिकित्सालय पहुंचाया गया। वहां पशु चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया और उसके घावों की देखभाल की जा रही है।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लंगूर की निगरानी के लिए विशेष टीम गठित की गई है, जो लगातार उसकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रख रही है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उसकी हालत स्थिर है और वह धीरे-धीरे स्वस्थ हो रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा।इस घटना ने एक बार फिर शहरी क्षेत्रों में वन्यजीवों के सामने मौजूद खतरों को उजागर किया है। बिजली के तारों और अन्य बुनियादी ढांचों के कारण अक्सर वन्यजीव दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं।



### हितधारक परामर्श कार्यशाला आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रवाह संस्था एवं ट्रिकल अप के सहयोग से प्रखंड स्तरीय हितधारक परामर्श कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, प्रवाह के सचिव दिलीप दुबे सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में पहाड़िया (पीवीटीजी) परिवारों तक सरकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षित पेयजल एवं आजीविका के अवसरों की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। प्रवाह एवं ट्रिकल अप के प्रतिनिधियों ने बताया कि अल्ट्रा पुअर ग्रेजुएशन कार्यक्रम के तहत 1200 से अधिक पहाड़िया परिवारों को अत्यंत गरीबी से बाहर लाने के लिए आजीविका, पशुपालन, पोषण वाटिका, वित्तीय समावेशन और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। प्रतिभागियों ने स्थानीय चुनौतियों और प्राथमिकताओं पर अपने सुझाव साझा किए। कार्यशाला में विभिन्न विभागों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पहाड़िया समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। मौके पर संग्राम रॉय, श्रितोम पाल, एंव संस्था के कर्मी आदि मौजूद थे।

### अपराध गोष्ठी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ । पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित करने, संवेदनशील स्थलों की निगरानी बढ़ाने, जुलूस मार्गों का सत्यापन कराने तथा सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को पॉक्सो,आईटी एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन, लंबित वारंट और कुर्की मामलों के निपटारे तथा लंबित चरित्र सत्यापन एवं पासपोर्ट जांच को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बताया गया कि मई माह में जिले में 109 नए मामले दर्ज हुए, जबकि 111 मामलों का निष्पादन किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, हेलमेट, सीट बेल्ट एवं बीमा की जांच करने तथा नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्तकार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में चोरी, लूट, डकैती एवं गृहभेदन जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए नियमित गश्ती बढ़ाने, सक्रिय अपराधियों को निगरानी सूची में शामिल करने तथा साइबर अपराध, मानव तस्करी, नशामुक्ति, महिला सुरक्षा, डायन प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

### गिट्टी लदा 18 चक्का ट्रेलर पलटा, 33 केवी बिजली पोल क्षतिग्रस्त



संताल एक्सप्रेस पाकुड़। पाकुड़िया-दुमका मुख्य मार्ग पर लकड़ापहाड़ी स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को गिट्टी से लदा एक 18 चक्का ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुर्घटना के बाद चालक और उपचालक मौके से फरार हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पलटने के दौरान ट्रेलर सड़क किनारे लगे 33 केवी बिजली पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर का नंबर क्क्र-06त्ना-2451 बताया गया है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षति का आकलन करते हुए बिजली बहाल करने का कार्य शुरू कर दिया।वहीं, पाकुड़िया थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन द्वारा ट्रेलर को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ताकि सड़क पर आवागमन जल्द सामान्य हो सके। पुलिस फरार चालक और उपचालक की तलाश कर रही है।

### छात्रा की जान बचाने में ग्राम सेवा केंद्र की एम्बुलेंस बनी सहारा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर प्रखंड के देवीनगर पंचायत में एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित ग्राम सेवा केंद्र की एम्बुलेंस सेवा एक बार फिर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई। गुरुवार को एक 16 वर्षीय स्कूली छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ने पर एम्बुलेंस ने त्वरित सहायता पहुंचाकर उसकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।जानकारी के अनुसार, पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, देवीनगर में पढ़ाई के दौरान छात्रा को अचानक दौरा पड़ गया। विद्यालय प्रबंधन और परिजनों ने तत्काल सरकारी 108 एम्बुलेंस सेवा से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद ग्राम सेवा केंद्र की एम्बुलेंस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और छात्रा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महेशपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से देवीनगर में मानव और पशु चिकित्सा सेवाओं के लिए दो एम्बुलेंस संचालित की जा रही हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में यह सेवा ग्रामीणों के लिए काफी मददगार साबित हो रही है।

पूर्व मध्य रेल
ई-टेंडर खोबोर
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/पीटीआरयू, पूर्व मध्य रेलवे, पतरातू, भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन ई-टेंडर संख्या GEM/2026/B/7644886 बाखरा लेकमान आर गाखुड़ एजेंसीको/ठिकादारको ठेन खोन ''ओपन'' ई-'टेंडर नेवतायेत् काना। बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः।-
कामी रेयाक् जुतुम आर जायगाः 03 (पे) बोछोर लागित् सड़क परिवहन होतेते लोको शेड/पी.टी.आर.क्यू. रेयाक् रेलवे रेयाक् सापाप्को सागाड़। जायगा डीहल लोकोशेड-पतरातू। कामी रेयाक् मोट पूंजीः रू. 1,05,83,141.40 (एक करोड़ पाँच लाख तिरासी हजार एक सौ इकतालीस आर चासील पैसे मात्र)। अर्नेस्ट मनी (ईएमडी): रू. 2,11,700/- (दो लाख ग्याराह हजार सात सौ मात्र), बोली जामाय आर बोली बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः From 16.06.2026 upto Bid End Date 10.07.2026 16:00 Hrs., वेबसाइट रेयाक् बानाडाय जाहां रे दो बिड कागोच बेबोसता आकान मेनाक्आः GeM वेबसाइट पोर्टल www.GeM.gov.in/ठिका परेज वाला ओना रेयाक् मूल आर से सुधराबाकात् ठिका प्रस्ताव दो एकेन नोआ वेबसाइट दाराय ते ऑनलाइन तेको जामा दाड़ेयाक्आ। नोआ ठिका तारी रे मैनुअल (ती तेयाक्) ठिका दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ आर ओनकानाक् जाहांटाक् मैनुअल दारखास दो बातिलकाक्आ। सूचना पट्ट रेयाक् जायगा जाहां रे दो ठिका रेयाक् (नोटिस बोर्ड) पुराउ बानाडाय जेल दाड़ेयाक्आः लोको शेड, पतरातू रेयाक् सूचना पट्ट।
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/
पूमरे/पतरातू
पीआर/0413/लोकोशेड/पीटीआरयू/यां/टी/26-27/40

# देवघर से साइबर ठगी के चार आरोपित गिरफ्तार, मोबाइल और सिम कार्ड जब्त



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में सारवां थाना क्षेत्र में छापेमारी कर चार कथित साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सारवां क्षेत्र में कुछ लोग फर्जी तरीके से ऑनलाइन कंपनियों और डिजिटल भुगतान सेवाओं के कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

सूचना के आधार पर साइबर थाना और सारवां पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कुरवा निवासी असरफ अंसारी, बरमतरा निवासी सद्दाम अंसारी, बरमतरा निवासी मुस्तकीम अंसारी तथा यूबिया निवासी बिनोद दास के रूप में हुई है। सभी देवघर जिले के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में आरोपितों के कब्जे से बरामद मोबाइल फोन और सिम कार्ड के इस्तेमाल साइबर ठगी में होने के संकेत मिले हैं। छापेमारी के दौरान चार मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड जब्त किए गए हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपित खुद को गूगल पे, फोनपे और पेटीएम के कस्टमर केयर अधिकारी बताकर लोगों को कैशबैक का झांसा देते थे। इसके अलावा पीएम किसान योजना, बिजली बिल और आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल का एक्सेस हासिल करने की कोशिश करते थे। पुलिस के मुताबिक गिरोह फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी बनकर भी लोगों को झांसे में लेता था और एयरटेल थैंक्स ऐप से जुड़ी तकनीकी सहायता देने के नाम पर ठगी करता था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सद्दाम अंसारी पहले भी साइबर अपराध के एक मामले में जेल जा चुका है। वहीं तकनीकी जांच में जब्त मोबाइल नंबरों और आईएमईआई नंबरों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी से संबंधित शिकायतें दर्ज होने की जानकारी मिली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तकनीकी पड़ताल के बाद कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। इस कार्रवाई में साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, सारवां थाना प्रभारी संदीप कुमार तथा सारवां थाना की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय साइबर अपराधियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

# नीट परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क कल सभी केंद्रों पर होगी मॉक ड्रिल




संवाददाता

**देवघर ।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (यूजी)-2026 परीक्षा के सफल, पारदर्शी और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी उद्देश्य से उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और केंद्राधीक्षक शामिल हुए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में नीट परीक्षा के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। सभी अधिकारियों को परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए, समय रहते आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया।

**मेडिकल टीम, एम्बुलेंस की होगी व्यवस्था**

बैठक में उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र पर मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए व्हीलचेयर, निर्बाध बिजली आपूर्ति, पेयजल, साफ-सफाई और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी सुरक्षा मानकों की जांच कर आवश्यक कमियों को समय रहते दूर करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पेट्रोलिंग और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहने को कहा गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध**

परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी निगरानी में रखा जाएगा। अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय पुरुष और महिला सुरक्षाकर्मियों द्वारा सघन तलाशी ली जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केंद्राधीक्षकों को तलाशी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा की निगरानी और समन्वय के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को चौबीसों घंटे सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा समाप्त होने तक नियंत्रण कक्ष लगातार कार्यरत रहेगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को 20 जून को जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य परीक्षा दिवस की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की अंतिम समीक्षा करना है।

## अंतरजिला स्थानांतरण की मांग तेज शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ,देवघर के बैनर तले शिक्षकों ने अंतरजिला स्थानांतरण को लेकर आवाज बुलंद की है। संघ की ओर से शिक्षा मंत्री,झारखंड सरकार,रांची को ज्ञापन भेजकर वर्ष 2017-18 में नियुक्त शिक्षकों की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि संताली परगना प्रमंडल के देवघर,दुमका,गोड्डा सहित विभिन्न जिलों में नियुक्त कई शिक्षक अपने गृह जिले से दूर कार्यरत हैं,जिससे उन्हें पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से देवघर जिले के ऐसे शिक्षक, जो अन्य जिलों में पदस्थापित हैं,लंबे समय से अपने गृह जिले में स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं। संघ ने बताया कि कई शिक्षक वर्षों से दूर-दराज क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं,जबकि उनके गृह जिले में पद रिक्त हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षकों की पारिवारिक जिम्मेदारियों और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। संघ के प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द पारदर्शी नीति बनाकर अंतरजिला स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की जाए,ताकि शिक्षकों को उनके गृह जिले में पदस्थापित किया जा सके। इससे न केवल शिक्षकों की समस्याएं दूर होंगी,बल्कि शिक्षा व्यवस्था भी और अधिक सुदृढ़ होगी। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यशाला



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर में सिविल सर्जन डॉ. रमेश कुमार एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशन में ए.एन.एम. टी.सी. में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अवधेश कुमार के संबोधन से हुई। उन्होंने बताया कि नशीली दवाओं की लत,जिसे पदार्थ उपयोग विकार कहा जाता है,एक गंभीर बीमारी है जो व्यक्ति के मस्तिष्क और व्यवहार को प्रभावित करती है। इसके कारण व्यक्ति हानिकारक प्रभावों के बावजूद नशे का सेवन जारी रखता है। शराब, मारिजुआना और निकोटीन जैसे पदार्थ भी इसी श्रेणी में आते हैं। कार्यक्रम में क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट अपरना रानी एवं पी.एस.डब्ल्यू. सरीफ अंसारी ने नशे की लत के विभिन्न कारणों पर प्रकाश डाला।

## रक्तदाता दिवस पर 25 लोगों ने किया रक्तदान

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा,आसनसोल चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमडीजआरटीआई), भुली में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को इस मानवीय पहल से जोड़ना था। रक्तदान अभियान में संस्थान के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 25 प्रशिक्षुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। यह पहल जीवनरक्षक स्वास्थ्य सेवाओं में रक्तदान की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के साथ-साथ युवाओं में जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम बनी । मंडलीय रेलवे अस्पताल, आसनसोल के चिकित्सा अधिकारियों एवं पैरामेडिकल कर्मियों ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा कर्मचारी कल्याण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनस्वास्थ्य के प्रति सतत प्रयासों का प्रतीक है।

## वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस नेता विजय शाह का निधन



**मधुपुर ।** शहर के पनाह रोड स्थित रेड क्रॉस सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य, अपने समय के यूथ कांग्रेस के सक्रिय एवं वरिष्ठ नेता तथा प्रख्यात समाजसेवी विजय प्रकाश शाह का गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक,राजनीतिक एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे मधुपुर के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। स्वर्गीय विजय प्रकाश शाह लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे। वे हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनकर समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर आज से



**मधुपुर ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मधुपुर शहर के 52 बीघा स्थित रेलवे स्टेट ट्रेनिंग पार्क में शुक्रवार से पांच दिवसीय मेगा योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष शिविर में लगभग 200 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारत स्काउट एवं गाइड, नई दिल्ली की डिप्टी डायरेक्टर सुरेखा श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मधुपुर में इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए पूर्व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का विशेष सहयोग मिला है, जिसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करती हैं। सुरेखा श्रीवास्तव ने मधुपुर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने विशेष रूप से स्कूली बच्चों से आह्वान किया कि वे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में रेलवे स्टेट ट्रेनिंग पार्क, 52 बीघा पहुंचकर योग शिविर में भाग लें तथा योग के महत्व और उसके लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

# आवास योजना की बकाया राशि जल्द मिलेगी वंचित परिवारों को भी मिलेगा आवेदन का मौका

## मेयर ने अधिकारियों से की मुलाकात, विकास और पर्यटन सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** नगर निगम के महापौर रवि कुमार राउत ने रांची में निदेशक नगरीय प्रशासन नैंसी सहाय से मुलाकात कर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभुकों की बकाया राशि के भुगतान को लेकर चर्चा की। बैठक में बताया गया कि जिन लाभुकों को योजना की पहली और दूसरी किस्त मिल चुकी है, उनके अगले भुगतान की स्वीकृति नगर विकास विभाग से प्राप्त हो गई है। अगले सात से आठ दिनों के भीतर सभी पात्र लाभुकों के खातों में राशि भेज दी जाएगी। महापौर ने नगर क्षेत्र के उन परिवारों को भी आवास योजना में आवेदन का अवसर देने का आग्रह किया, जो अब तक किसी कारणवश आवेदन नहीं कर सके हैं। इस प्रस्ताव पर सहमति मिल गई है। जल्द ही देवघर नगर निगम क्षेत्र के ऐसे सभी योग्य और वंचित परिवारों को आवेदन का एक और अवसर दिया जाएगा। इसकी आधिकारिक घोषणा शीघ्र किए जाने की संभावना है।

**देवघर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास पर भी हुई चर्चा**

रांची दौरे के दौरान महापौर ने पर्यटन निदेशक नमन प्रियेश लकड़ा से भी मुलाकात की। बैठक में बाबा नगरी देवघर के शहरी क्षेत्रों के कायाकल्प तथा स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान नगर क्षेत्र में आधुनिक और आकर्षक पार्कों के निर्माण, प्रमुख चौक-चौराहों तथा पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण और विकास योजनाओं को गति देने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही जिला पर्यटन समिति के माध्यम से भेजे गए विभिन्न विकास प्रस्तावों को जल्द प्रशासनिक स्वीकृति देने का अनुरोध भी किया गया। महापौर ने कहा कि देवघर को अधिक स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल शहर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। आगामी 23 जून को होने वाली राज्यस्तरीय पर्यटन समिति की बैठक में इन प्रस्तावों की स्वीकृति पर चर्चा किए जाने की संभावना है।

## चोरी कांड के आरोपी की निशानदेही पर सामान बरामद



संवाददाता

**देवघर।** सारठ थाना क्षेत्र के करमा स्कूल में हुई चोरी के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। कांड संख्या 66/2026 में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए आरोपी मनीष कुमार राणा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, गाजियाडीह गांव निवासी मनीष कुमार राणा से पूछताछ के बाद तीन सीपीयू, तीन मॉनिटर, एक प्रिंटर और एक इन्वर्टर बरामद किया गया। बरामदगी के बाद आरोपी को पुनः न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जांच के दौरान चोरी गए तीन सीपीयू और मॉनिटर पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के राजनगर थाना क्षेत्र से बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी जांच जारी है और चोरी के नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। करमा स्कूल में हुई चोरी की घटना के बाद क्षेत्र में काफी चर्चा थी। अब चोरी गए सामान की बरामदगी से पुलिस ने मामले के खुलासे की दिशा में अहम कदम बढ़ाया है। पुलिस का दावा है कि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम का पर्दाफाश किया जा सके।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन पर उठे सवाल, जांच की मांग

### चयन प्रक्रिया में अनियमितता और फर्जी प्रमाण पत्र के आरोप

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** जिले के मोहनपुर प्रखंड की दहीजोर पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका चयन प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। चौपाल गांव की निवासी शिवानी कुमारी ने उपायुक्त को आवेदन देकर चयन प्रक्रिया में अनियमितता और धांधली का आरोप लगाया है तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिवानी कुमारी के अनुसार, 13 जून 2026 को दहीजोर पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका के पद के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इस चयन में शिवानी कुमारी और रंजना कुमारी उम्मीदवार थीं।

चयन स्थल पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित पंचायत के कई ग्रामीण और स्थानीय लोग मौजूद थे।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि चयन प्रक्रिया के दौरान केवल शिवानी कुमारी की शैक्षणिक योग्यता और प्रमाण पत्रों की जांच ग्रामीणों के सामने की गई, जबकि दूसरी उम्मीदवार रंजना कुमारी के शैक्षणिक दस्तावेजों की सार्वजनिक रूप से न तो जांच की गई और न ही उनका सत्यापन किया गया।

इसके बावजूद रंजना कुमारी को चयनित घोषित कर दिया गया। शिवानी कुमारी का कहना है कि बाद में उन्हें जानकारी मिली कि रंजना कुमारी के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में कथित रूप से हेरफेर किया गया है और दस्तावेज फर्जी हो सकते हैं।

## पटवाबाद में कुएं की घेराबंदी का विरोध करना पड़ा महंगा, महिला से मारपीट, चार नामजद

**मधुपुर ।** थाना क्षेत्र के पटवाबाद गांव में कुएं की घेराबंदी को लेकर हुए विवाद में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला अकबरी खातून के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बताया गया कि परती जमीन पर स्थित एक कुएं के चारों ओर गांव के कुछ लोग दीवार निर्माण कर रहे थे। महिला ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि अजीज मियां, उसकी पत्नी, कौसर अली और मासूम अंसारी सहित अन्य लोग एकजुट होकर उनके घर के पास पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए महिला, उसके पति तथा बेटे के साथ मारपीट की। मारपीट में अकबरी खातून घायल हो गईं। मामला थाना पहुंचने के बाद पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। पुलिस ने चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया है और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## कराटे चैंपियनशिप में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित



**देवघर।** गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, कास्टर टाउन के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सिलिगुड़ी में 13 और 14 जून को आयोजित चतुर्थ इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में विद्यालय की छात्रा आशी कुमारी ने सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। वहीं तन्मय दूबे, यश्री और आरव ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर प्रतियोगिता में विद्यालय की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शुभाशीष चट्टराज ने सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कराटे आज केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा का प्रभावी माध्यम बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान लगातार बढ़ रही है और विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## रास चुनाव में विजयी उम्मीदवार बैजनाथ राम और परिमल नथवाणी को आजसू नेता ने दी बधाई

**देवघर।** झारखंड से राज्यसभा चुनाव में विजयी हुए बैजनाथ राम और परिमल नाथवाणी को आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गोड्डा जिला प्रभारी ध्रुव प्रसाद साह ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने दोनों नेताओं की जीत को राज्य की जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों से जुड़ा महत्वपूर्ण जनादेश बताया। ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की कृपा से मिली यह सफलता झारखंड के लिए सकारात्मक संदेश लेकर आई है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों नेता राज्यसभा में झारखंड के हितों, जनभावनाओं और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से राज्य को नई दिशा मिलेगी।

## हार से घबराएं नहीं, जीत की ललक को और मजबूत करें : डॉ. सुनील खवाड़े



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन देवघर द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का समापन गुरुवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक सह जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े एवं जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) संतोष कुमार उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि हार से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह जीत की ललक को और मजबूत करती है। उन्होंने विजेताओं को भी आगे और बेहतर प्रदर्शन कर देवघर एवं झारखंड का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। वहीं डीएसओ संतोष कुमार ने योग को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के करीब 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# 115 अनधिकृत यात्रियों पर हुई कार्रवाई, वसूला गया जुर्माना



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** रेल यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं रेलवे नियमों के कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट विवेक राज के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न ट्रेनों के आरक्षित कोचों की गहन जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में यात्री नियमों का उल्लंघन करते पाए गए के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना 11हजार 500 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। जांच अभियान के तहत गिरिडीह-मधुपुर सवारी गाड़ी, आसनसोल-झाझा मेमू, हाटिया-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा बक्सर-टाटा एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के महिला, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित कोचों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान महिला कोच में पुरुष यात्रियों तथा दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे कुल 115 यात्रियों को पकड़ा गया। रेलवे अधिकारियों ने सभी पकड़े गए यात्रियों को रेलवे मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां रेलवे अधिनियम के तहत नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान यात्रियों को भविष्य में रेलवे नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी भी दी गई। रेलवे मजिस्ट्रेट विवेक राज ने कहा कि महिला, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित कोचों की व्यवस्था विशेष वर्ग के यात्रियों को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए की गई है।

# श्रावणी मेला : कांवरियों के आध्यात्मिक मनोरंजन के लिए कला दलों का हुआ ऑडिशन

**• जल्द जारी होगी चयनित कलाकारों की सूची**





संवाददाता

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2026 के दौरान बाबा नगरी पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं और कांवरियों के आध्यात्मिक मनोरंजन के लिए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से सूचना भवन सभागार में विभिन्न कलादलों और कलाकारों का ऑडिशन आयोजित किया गया। चयन समिति ने कलाकारों की प्रतिभा को परखते हुए भक्ति, लोक संस्कृति और प्रस्तुति कौशल का मूल्यांकन किया।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय चयन समिति ने राज्य और अंतरराज्यीय स्तर से पहुंचे कलाकारों का लाइव ऑडिशन लिया। इस दौरान कलाकारों ने भक्ति गीत, भजन और लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कई प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया।

**125 कलाकारों और दलों ने दिखाई प्रतिभा**

ऑडिशन में कुल 125 कलाकारों और कलादलों ने आवेदन किया था। झारखंड के रांची, धनबाद, बोकारो समेत विभिन्न जिलों के कलाकारों के साथ-साथ बिहार और पश्चिम बंगाल से आए प्रतिभागियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। चयन समिति ने वेशभूषा, प्रस्तुति और विषयवस्तु के आधार पर अंक देकर प्रतिभाओं का मूल्यांकन किया। प्रदर्शन के आधार पर चयनित कलाकारों और कलादलों को ए, बी और सी श्रेणी में विभाजित किया जाएगा। श्रेणी के अनुसार उन्हें श्रावणी मेला क्षेत्र के विभिन्न सांस्कृतिक मंचों पर प्रस्तुति का अवसर दिया जाएगा। श्रावणी मेले के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से पूरे मेला क्षेत्र में कई सांस्कृतिक मंच स्थापित किए जाते हैं। इन मंचों पर कलाकार भक्ति गीत, भजन और लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। इससे लंबी दूरी तय कर देवघर पहुंचने वाले कांवरियों को आध्यात्मिक आनंद के साथ विश्राम का अवसर भी मिलता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलती है।

**योग्यता के आधार पर होगा चयन**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला देश-विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में विभाग का प्रयास है कि शिवभक्तों को भक्तिमय और गरिमापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कांवरियों को क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से भी परिचित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और योग्यता आधारित रखी गई है, ताकि सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को ही बाबा नगरी के मंच पर प्रस्तुति का अवसर मिल सके। ऑडिशन में सफल कलाकारों और कलादलों की सूची जल्द ही सूचना भवन के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, शिक्षा विभाग की प्रतिनिधि संध्या रॉय तथा जनसंपर्क विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## साहिबगंज में मिशन परिवार विकास जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-जिला मुख्यालय के सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में मिशन परिवार विकास आयोजन के तहत् जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया. सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षित मातृत्व तथा जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है. जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को परिवार कल्याण योजनाओं की जानकारी देगा तथा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेशों का प्रचार-प्रसार करेगा.इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि मिशन परिवार विकास 2026 का मुख्य लक्ष्य आम जनता को परिवार नियोजन के साधनों एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक बनाना है. ताकि स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार का निर्माण हो सके. अभियान के माध्यम से लोगों को छोटे परिवार के लाभ, गर्भवती महिलाओं की देखभाल तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी जाएगी.कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- नगर थाना क्षेत्र के पटनिया टोला के रहने वाले युवक प्रिंस कुमार को एक विशेष धर्म के विरुद्ध सोशल मीडिया पर कथित रूप से आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक विशेष धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है. पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है.

## फरार आरोपियों के घर चिपकाया गया इश्तहार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने गुरुवार को न्यायालय के आदेश पर फरार आरोपियों के घर इश्तहार चिपकाया.इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 60/2024 में मदनसाही निवासी उमेश सिंह व सीमा देवी के आवास पर ढोल-नगाड़े के साथ इश्तहार चिपका कर न्यायालय में निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने की बात कही गई है.यदि आरोपी निर्धारित समय के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता हैं तो न्यायालय के आदेशानुसार उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी. वही जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 15/26 के फरार अभियुक्त करण मंडल उर्फ करण कुमार पिता संजीव मंडल प्रेमनगर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के घर पर गुरुवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ इश्तहार चिपकाया. थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि निर्धारित समय के अंदर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया.यदि अभियुक्त न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो न्यायालय के आदेशानुसार घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी.

## पिस्तौल के बल पर धमकी और पारिवारिक विवाद में प्राथमिकी दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- कोटालपोखर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सामने आए दो अलग-अलग मामलों ने इलाके में चर्चा का विषय बना है. एक ओर पैतृक संपत्ति को लेकर मां और बेटे के बीच विवाद का मामला सामने आया है. वहीं दूसरी ओर हाइवा ट्रक के स्वामित्व और किस्त भुगतान को लेकर हुए विवाद में कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है. दोनों मामलों में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पैतृक घर को लेकर मां ने बेटे और बहू पर लगाया गंभीर आरोप

आंधारकोठा गांव निवासी राबिया बीबी ने कोटालपोखर थाना में दर्ज कराई गई शिकायत में अपने पुत्र इमरान हुसैन एवं उसकी दूसरी पत्नी शबनम खातून पर गंभीर आरोप लगाए हैं. शिकायत के अनुसार दोनों पैतृक घर पर कब्जा करने की नीयत से लंबे समय से विवाद कर रहे थे.राबिया बीबी का आरोप है कि 16 जून की शाम दोनों कथित रूप से पिस्तौल और हसुआ लेकर उनके घर पहुंचे तथा जबरन घर में प्रवेश करने का प्रयास किया. परिवार के लोगों द्वारा दरवाजा बंद कर लेने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए घर पर ईंट-पत्थर बरसाए. जिससे खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए. शिकायत में यह भी कहा गया है कि घटना के दौरान खिड़की के रास्ते पहली पत्नी का मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया गया. घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है. पीड़ित पक्ष ने पुलिस से सुरक्षा और न्याय की मांग की है. मामले की गंभीरता को देखते हुए कोटालपोखर थाना पुलिस ने कांड संख्या 0045/2026 दर्ज कर लिया है. मामले की जांच सहायक अवर निरीक्षक विनय कुमार सिंह को सौंपी गई है.हाइवा ट्रक की चाबी मांगने पहुंचे मालिक को कट्टा दिखाने का आरोपदूसरे मामले में बड़ा सोनाकर निवासी मुकेश कुमार साहा ने कोटालपोखर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने अपना 18 चक्का अशोक लेलैंड हाइवा ट्रक कोटालपोखर निवासी रंजीत कुमार साहा को संचालन के लिए दिया था.शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के तहत वाहन की किस्त समय पर जमा करनी थी. लगातार किस्त बकाया रहने के कारण वह 16 जून की शाम वाहन की चाबी लेने रंजीत कुमार साहा के घर पहुंचे.आरोप है कि चाबी मांगने पर रंजीत कुमार साहा भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे. इसके बाद उन्होंने घर से कट्टा निकालकर मुकेश कुमार साहा को जान से मारने की धमकी दी.शिकायतकर्ता ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई और थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी संख्या 0044/2026 दर्ज करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत जांच प्रारंभ कर दी है. मामले के अनुसंधान की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार महतो को सौंपी गई है.कोटालपोखर थाना पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाएगी तथा जांच में प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.क्षेत्र में घटित इन दोनों घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं.वहीं पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

## स्टोन डस्ट लोडेड बारह चक्का वाहन पलटा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -तालझारी थाना क्षेत्र के बैकचुरी के समीप स्टोन डस्ट लदा बारह चक्का वाहन असंतुलित हो जाने से सड़क पर पलट गया.हुई दुर्घटना में बारह चक्का वाहन का चालक बाल बाल बच गया.हुई दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया. मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर एक बारह चक्का वाहन डब्लूबी 65 सी 2003 जो किसी क्रशर प्लांट से स्टोन डस्ट लोड कर क्रशर प्लांट से नीचे उतर रहा था. इसी दौरान वाहन असंतुलित होकर सड़क पर ही पलट गया.

## सरकारी जोला की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप ग्रामीणों ने की जांच और मापी कराने की मांग

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

बरहरवा । बरहरवा क्षेत्र में सरकारी जोला नाला जल निकासी मार्ग की जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. स्थानीय ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी बरहरवा को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि सरकारी जोला की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है. जिससे क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है.ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनके क्षेत्र में स्थित सरकारी जोला/गली की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अतिक्रमण कर दीवार निर्माण कराया जा रहा है.आवेदन के अनुसार उक्त भूमि सरकारी संपत्ति है. जिसका उपयोग वर्षों से जल निकासी एवं आम लोगों के आवागमन के लिए होता रहा है. यदि इस जमीन पर स्थायी निर्माण कर दिया जाता है तो बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

इधर ग्रामीणों ने एक और गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस सरकारी जोला की चौड़ाई कभी लगभग 35 से 40 फीट हुआ करती थी. वह अब सिमटकर करीब 15 फीट रह गई है.



लोगों का सवाल है कि आखिर सरकारी जोला की शेष जमीन कहां गई और उस पर किसका कब्जा है. ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सरकारी अभिलेखों के आधार पर जोला की मापी कराई जानी चाहिए.आवेदन में प्रशासन से मांग की गई है कि स्थल की जांच कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा यदि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा अवैध कब्जा किया गया हो तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए.इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है.

ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल जमीन का मामला नहीं. बल्कि सार्वजनिक हित और जल निकासी व्यवस्था से जुड़ा गंभीर विषय है. अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं. जांच और मापी के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सरकारी जोला की जमीन पर वास्तव में अतिक्रमण हुआ है या नहीं.

## 15 दिनों से अंधेरे में श्यामपुर, बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**बरहरवा।** बरहरवा प्रखंड के सतगाछी पंचायत अंतर्गत श्यामपुर गांव में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. ग्रामीणों के अनुसार पिछले 10 से 15 दिनों से गांव में बिजली आपूर्ति बाधित है. जिसके कारण करीब 70 परिवार अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं. लगातार बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो रही है. वहीं भीषण गर्मी में लोगों का जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है.ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति ठप रहने से विद्यार्थियों को रात में पढ़ाई करने में भारी परेशानी हो रही है. मोमबत्ती के सहारे पढ़ाई कर रहे बच्चों की पढ़ाई भी अधिक समय तक नहीं चल पाती. जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है. इसके अलावा पंखे, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं के अभाव में लोगों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.ग्रामीणों के लगातार विरोध और शिकायतों के बाद बिजली विभाग की ओर से दो दिन पूर्व गांव में 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया. लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर लगाने के बावजूद गांव के सभी घरों तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी. कुछ लोगों का कहना है कि नया लगाया गया ट्रांसफार्मर भी तकनीकी रूप से सही ढंग से काम नहीं कर रहा है.समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया.सड़क जाम की सूचना मिलने पर बरहरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया.



मामले को लेकर बिजली विभाग के एसडीओ ने बताया कि तकनीकी समस्याओं को दूर करने का कार्य जारी है. उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले दो दिनों के भीतर गांव की बिजली समस्या का स्थायी समाधान कर लिया जाएगा.हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे. फिलहाल पूरे गांव की नजर बिजली विभाग के आश्वासन पर टिकी हुई है.

## तीनपहाड़ -बोरियो मुख्य सड़क पर 16 चक्का हाइवा हुआ दुर्घटनाग्रस्त



साहिबगंज -तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के तीनपहाड़- बोरियो मुख्य सड़क के बेहड़ा मोड़ के समीप गुरुवार को 16 चक्का हाइवा दुर्घटनाग्रस्त हो गया.मिली जानकारी के अनुसार 16 चक्का हाइवा संख्या बीआर 06 जीएच 5951 तीनपहाड़ से बोरियो की तरफ जा रहा था. बेहड़ा मोड़ के समीप 16 चक्का हाइवा का का संतुलन बिगड़ जाने के कारण वाहन का केबिन मुड़ कर बॉडी में सट गया.जिसके कारण वाहन बीच सड़क पर खड़ा हो गया .हालांकि की इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है.उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया.मामले की सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंच

## ट्रेन ठहरावे को लेकर धरना प्रदर्शन 21 जून को

राजमहल- राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के तीनपहाड़ क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के द्वारा आगामी 21 जून 2026 को तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन परिसर में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन को लेकर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया गया. मिली जानकारी के अनुसार तीनपहाड़ क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के संरक्षक सह जिला परिषद सदस्य रणधीर सिंह, अध्यक्ष अनिल कुमार सरकार, महासचिव अमरेंद्र सिंह, महासचिव मोहम्मद मुर्शीद राजा के नेतृत्व में तीनपहाड़ रेलवे जंक्शन से जुड़ी ट्रेन ठहराव एवं अंडरपास चालू करने के लिए विगत कई वर्षों से लंबित मांग रेलवे के पदाधिकारीयों द्वारा संघर्ष समिति के पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है. परंतु अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने से क्षेत्र के लोगों के द्वारा तीनपहाड़ क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है. जिसका 21 जून सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है.

## सघन वाहन जांच , वसूला जुर्माना




राजमहल- जिला परिवहन विभाग द्वारा राजमहल में लगातार संघन वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है. इसके बावजूद वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं. विभागीय निर्देशानुसार गुरुवार को जिला परिवहन विभाग के द्वारा थाना के सामने पुलिस के सहयोग से संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान 25 मोटर साइकिलों, 8 ई-रिक्शा (टोटो), ऑटो आदि वाहनों के रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग, हेलमेट आदि की जांच की गई. त्रुटि पाए जाने वाले वाहन मालिकों से जुर्माना वसूली की गई. इस दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह ने चालकों को जागरुक भी किया. बाइक चालकों को सख्त निर्देश दिया गया कि बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें. मौके पर रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज प्रसाद, रोड आईटी सहायक राजहंस सहित सहित परिवहन विभाग के अन्य कर्मी तथा सशस्त्र पुलिस बल की टीम उपस्थित थे.

**पूर्व रेलवे**

**खुला ठिका खोबोर संख्या: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन/2025/06/आर2 ,माहितः 17.06.2026।** अप सीपीएम/विद्युत/जीएसयू/आसनसोल/पूर्व रेलवे,डीआरएम कार्यालय आड़े रे, आसनसोल-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् ते चालू विद्यतीय ठिकादार रेयाक् लाइसेंस आर सुपरवाइजरी लाइसेंस मेक्नाक्को आर लातार रे ओलाकान कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेक्नाक्को ठिकादारको ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् काना। **ठिका केस संख्याःजीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-06-आर2। कामी रेयाक् जुतुमः** आसनसोल मंडल रे इलेक्ट्रिकल (सामान्य) पोर्शन कामी लागित् खुला ठिकाः (क) तुलसीटांड रे अप लूप, (ख) छोटा अ बोना रे अप द्वितीय लूप बेबोसताय, (ग) तपसी रे डीडी-2 लाइन खोन/हाबिच् सीधा रिसेप्शन/डिस्पैच सुबिताको सालाक् ते स्टेशन यार्ड रेयाक् रीमॉडलिंग आर (घ) गति शकित यूनिट, आसनसोल तारी रे सोनाचारा रे आइसोलेशन सालाक् ते पुराउ जेलेञ लूप। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 2,49,82,954.16। **बायना पायसाः** रु. 4,99,700। **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 13.07.2026 तिकिन 12.00 बजे। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** आंगोच साकाम ओडोडोक् रेयाक् तारीक खोन 12 (गेलबार) चान्दो। **कामी लागित् दारखास रेयाक् सोमोयः** झिजुक् रेयाक् तारीक ाेन 60 दिन। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-142/2026-27)

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## साहिबगंज के अपर समाहर्ता बने विजय कुमार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी करके वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उप सचिव विजय कुमार को साहिबगंज का नया अपर समाहर्ता नियुक्त किया है. वही उधवा सीओ के पद पर आशीष मंडल को नियुक्त किया है. ज्ञात हो कि साहिबगंज अपर समाहर्ता गौतम भगत का तबादला बीते सप्ताह किया गया था. जिसके बाद साहिबगंज अपर समाहर्ता का पद रिक्त हो गया था.मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही विजय कुमार पदभार ग्रहण करेंगे.

## तीन माह के भीतर रिक्त पदों को भरें: डीसी

साहिबगंज - डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक हुई .बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं, निर्माणाधीन भवनों, सेविका-सहायिका नियुक्ति, पोषण ट्रैकर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई.बैठक के प्रारंभ में डीसी ने जिले में हाल ही में नियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें आवंटित प्रखंड एवं सेक्टर की जानकारी ली. जिन महिला पर्यवेक्षिकाओं को अब तक सेक्टर आवंटित नहीं किया गया है.उनके लिए दो दिनों के भीतर सेक्टर आवंटित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया.डीसी ने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को अपने-अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित भ्रमण करने तथा केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया .उन्होंने विशेष रूप से पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, भवन की स्थिति, सेविका एवं सहायिका की नियुक्ति, रिक्त पदों की स्थिति तथा सेविका- सहायिकाओं के सेवानिवृत्ति संबंधी मामलों पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की आवश्यकता बताई.बैठक के दौरान नव निर्मित आंगनबाड़ी भवनों में वर्तमान में किराये के भवनों में संचालित केंद्रों के स्थानांतरण की समीक्षा की गई. कराया कि जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के निकट स्थित लगभग 390 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है. जहां किराये के भवनों एवं जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को स्थानांतरित किया जा सकता है.

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पाकुड़**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**

**अतिअल्पकालीन निविदा**

कार्यालय पत्रांक–570/जि0आ0, दिनांक–15.06.2026 के द्वारा जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, पाकुड़ को दैनिक समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशन हेतु उपलब्ध कराये गये पत्र में अतिअल्पकालीन निविदा प्रकाशन हेतु अवधि कम रहने के कारण उक्त पत्र के माध्यम से आमंत्रित निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए निम्न रुपेण निविदा आमंत्रित की जाती है :–

पाकुड़ जिला अन्तर्गत पाकुड़ शहर एवं विभिन्न प्रखण्डों में वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु (माह–जून, 2026 से मार्च, 2027 तक) सरकारी भोजन केन्द्र (मुख्यमंत्री दाल भात योजना) के संचालन के मद्देनजर केन्द्रों में चावल, चना, सोयाबीन बड़ी की आपूर्ति की जानी है। उक्त के निमित कार्यालय आदेश ज्ञापांक–479/जि0आ0, दिनांक –20.05.2026 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी। आमंत्रित निविदा के आलोक में दिनांक–11.06.2026 को जिला स्तरीय निविदा समिति की बैठक में समिति द्वारा पुनः अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के आलोक में पाकुड़ जिला अन्तर्गत पाकुड़ शहर एवं विभिन्न प्रखण्डों में वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु (माह–जून, 2026 से मार्च, 2027 तक) सरकारी भोजन केन्द्र (मुख्यमंत्री दाल भात योजना) के संचालन के मद्देनजर केन्द्रों में चावल, चना, सोयाबीन बड़ी की आपूर्ति किये जाने हेतु पुनः अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में अवस्थित 03 केन्द्रों में प्रतिदिन 400 व्यक्तियों के लिए एवं प्रखण्डों के ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रतिदिन 06 केन्द्रों में 200 व्यक्तियों का भोजन तैयार किया जाना है। प्रत्येक केन्द्र के लिए सप्ताह के चार दिन दाल भात के साथ चना एवं तीन दिन सोयाबीन बड़ी दिया जाना है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के प्रति केन्द्र को प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 200 ग्राम चावल, 5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी तथा प्रखण्ड क्षेत्र के प्रति केन्द्र को प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 200 ग्राम चावल, 2.50 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी दिये जाने का प्रावधान है। उपरोक्त सामग्री का क्रय कृषि उत्पादन बाजार समिति के दर या उससे कम दर पर किया जायेगा। उपरोक्त सामग्री की आपूर्ति हेतु बाजार समिति/Food License (FSSAI) से निबंधित इच्छुक अनुज्ञप्तिधारी से मुहरबंद लिफाफे में अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता के द्वारा तीनों सामग्री के लिए निविदा डालना अनिवार्य है एवं $L_1$ का चयन 200 व्यक्तियों के लिए आवश्यक सामग्री का निविदा मूल्य के आधार पर किया जायेगा।

इच्छुक निविदादाता निविदा का आवेदन प्रपत्र जिला आपूर्ति कार्यालय, पाकुड़ अथवा www.pakur.nic.in से प्राप्त कर सकते है। इच्छुक निविदादाता द्वारा निविदा दिनांक–**29.06. 2026** के अपराह्न 02:00 बजे तक जिला आपूर्ति कार्यालय, पाकुड़ में जमा कर सकते है, अपराह्न **02:00** बजे के पश्चात् निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त निविदा दिनांक–**29.06.2026** के अपराह्न **04:00** बजे उप विकास आयुक्त, पाकुड़ के कार्यालय कक्ष में जिला स्तर पर गठित निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता यदि अनुपस्थित रहते है तो उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। **सभी निविदादाता तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग सील्ड लिफाफे में जमा करेंगे। लिफाफा पर स्पष्ट एवं बड़े शब्दों में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अंकित रहना चाहिए तथा दोनों बीड के लिफाफे को एक तीसरे लिफाफे में बंद करके उसके ऊपर बड़े अक्षरों में सरकारी भोजन केन्द्र (मुख्यमंत्री दाल भात योजना) अन्तर्गत वर्ष 2026–2027 के लिए निविदा आमंत्रण लिखा होना चाहिए अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा की शर्तें www.pakur.nic.in पर देखी जा सकती है।**

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पाकुड़।**

**PR.NO.382645 Food Public Distribution and Consumer Affairs(26-27):D**

**।। कार्यालय जिला परिषद, दुमका ।।**

**नीलामी सूचना संख्या–12/2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद्, दुमका द्वारा खुले डाक के माध्यम से अस्थायी तौर पर आवंटित करने हेतु जिला परिषद कार्यालय, दुमका में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छूक व्यक्ति इस सूचना में अंकित नियम एवं शर्तों पर दिनांक–**29.06.2026** को पूर्वाह्न 11:00 बजे से भाग ले सकते हैं :–

| क्र0 | दुकानों की संख्या | भवन | क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | मासिक किराया (प्रति वर्गफीट) | न्युनतम डाक प्रतिमाह दर के आधार पर बोली जायेगी | डाक में भाग लेने हेतु जमानत राशि | सुरक्षित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जरमुण्डी जिला परिषद डाकबंगलों में विवाह भवन। | सम्पूर्ण भवन | 3110.00 | 14.07 | 43758.00 | 20000.00 | 800000.00 | |
| | जरमुण्डी प्रखंड अन्तर्गत जिला परिषद की जमीन पर नवनिर्मित डाकबंगला। | सम्पूर्ण भवन | 5628.00 | | 79186.00 | | | |
| | | | | | Total-122944.00 | | | |

नोट :–1. भवन का आवंटन हेतु आवेदन पत्र का प्रपत्र जिला परिशद, दुमका कार्यालय से दिनांक–**27.06.2026** के **अपराह्न 03:00** बजे तक 500.00(पांच सौ रुपये) शुल्क देकर प्राप्त की जा सकेगी।
2. आवेदक को आवेदन के साथ अंकित जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्रॉफ्ट उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिशद, दुमका (**D.D.C –cum- C.E.O Zila Parishad, Dumka**) के पदनाम से संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा दुमका के नाम भुगतेय होगा।
3. भवन के लिए एक ही आवेदन मान्य होगा जिसे भरकर दिनांक–**27.06.2026** के **अपराह्न 04:00 बजे तक** जिला परिशद कार्यालय में जमा करना होगा।
4. भवन आवंटन से संबंधित विस्तृत जानकारी/शर्तें जिला परिशद कार्यालय, दुमका के सूचना पट्ट में भी देखी जा सकती है।
5. आपसी सहमति व मिली भगत से डाक की राशि को प्रभावित किये जाने की आशंका प्रतीत होने पर किसी भी भवन की बंदोबस्ती रद्ध कर दी जायेगी।
6. बिना कारण बताये किसी भी समय पूरी नीलामी को रद्ध किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
7. उक्त परिसम्पत्ति की मरम्मती कार्य हेतु कनीय अभियंता, जिला परिशद्, दुमका द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन् के अनुरूप जिला परिशद् द्वारा निर्धारित समय–सीमा के अन्दर लेसी को करना होगा एवं उसमें किये जानेवाले व्यय का सामंजन भवन प्राप्तकर्त्ता के किराये से किया जायेगा।
8. उपरोक्त सभी सूचनाएँ जिला परिशद् के वेबसाईट **https://zpdumka.in** एवं **dumka.nic.in** पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, दुमका

**PR 382700 (District)26-27*D**

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा**

**ठाकुरगंगटी एवं बसतराय अंचल अंतर्गत अवस्थित जलकरों/ तालाबों की खुले डाक से बन्दोबस्ती की आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ठाकुगंगटी एवं बसंतराय अंचल के निम्नांकित विवरणी के सैरातों की **बन्दोवस्ती वर्ष– 2026–27 से 2028–29 तक के लिए दिनांक– 06.07.2026 को ठाकुरगंगटी अंचल 11:00 बजे से एवं बसंतराय अंचल 12:00 बजे मध्याहन् से** अधोहस्ताक्षरी द्वारा खुले डाक के माध्यम से जिला मत्स्य कार्यालय, गोड्डा में किया जायेगा। इच्छुक मत्स्य कृशक/व्यक्ति खुला डाक में भाग ले सकते हैं। डाक वक्ता को डाक लेने के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10% जमानत के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता को छोडकर सभी को जमानत की राशि लौटा दी जायेगी एवं उच्चतम डाक वक्ता के जमानत राशि को बंदोबस्ती राशि में समायोजित कर दी जाएगी, उच्चतम डाक वक्ता को बंदोबस्ती राशि एकमुश्त जमा करना होगा।

खुली डाक से बंदोबस्ती योग्य तालाबों/जलकरों की सूची सुरक्षित जमा राशि सहित निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | दाग सं0 | जलक्षेत्र (एकड़ में) | सुरक्षित जमा राशि | अंचल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लाहाडीहा तालाब | पंजराडीह | पंजराडीह | 57 | 3.00 | 3,800.00 | ठाकुरगंगटी |
| 2 | अंताडीहा तालाब | मिश्रगंगटी | मिश्रगंगटी | 31 | 1.00 | 2,400.00 | ठाकुरगंगटी |
| 3 | चपरीटोला टैंक | चपरी | चपरी | 107 | 0.75 | 1,250.00 | ठाकुरगंगटी |
| 4 | मानिकपुर तालाब | मानिकपुर | मानिकपुर | 201 | 2.00 | 1,000.00 | ठाकुरगंगटी |
| 5 | श्री रामपुर तालाब | श्रीरामपुर | श्रीरामपुर | 38 | 1.00 | 1,000.00 | ठाकुरगंगटी |
| 6 | रक्सा टैंक | रक्सा | रक्सा | 327 | 0.50 | 1,000.00 | ठाकुरगंगटी |
| 7 | सिलेन्द्र बांध | धनकोल | धनकोल | 2 | 0.50 | 1,000.00 | ठाकुरगंगटी |
| 8 | तरखरवा तालाब | तरखरवा | तरखरवा | 491/146 | 0.50 | 1,000.00 | ठाकुरगंगटी |
| 9 | शाहीचक तालाब | शाहीचक | शाहीचक | 16/83 | 3.00 | 1,400.00 | ठाकुरगंगटी |
| 10 | विशनपुर तालाब | विशनपुर | विशनपुर | 55 | 1.75 | 1,100.00 | ठाकुरगंगटी |
| 11 | तलबरिया बांध | तलबरिया | तलबरिया | 65 | 1.50 | 1,000.00 | ठाकुरगंगटी |
| 12 | श्यामपुर पोखर | कैथपुरा | कैथपुरा | 117 | 1.00 | 1,050.00 | बसंतराय |
| 13 | खट्टीदह बांध | हिलावै | हिलावै | 1 | 1.15 | 1,600.00 | बसंतराय |
| 14 | खट्टी कौआकुंड | खट्टी | खट्टी | 83 | 1.00 | 1,450.00 | बसंतराय |
| 15 | वाजपेयी डांड | कदमा | कदमा | 353 | 1.50 | 700.00 | बसंतराय |
| 16 | शीतली नदी | – | – | 343/344 | - | 600.00 | बसंतराय |
| 17 | वाजपेयी डांड | कदमा | कदमा | 1 | 1.00 | 700.00 | बसंतराय |
| 18 | राहा बांध | राहा | राहा | 413 | 0.70 | 600.00 | बसंतराय |
| 19 | कोरियाना बांध | कोरियाना | कोरियाना | 289 | 1.00 | 600.00 | बसंतराय |

**दिनांक– 06.07.2026** को खुले डाक से जलकर बंदोवस्ती शुरू होने के पूर्व यदि प्रखंड स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति उपरवर्णित सूची में से किसी जलकर का बंदोवस्ती लेने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करती है तो उक्त जलकर की बंदोवस्ती नियमानुसार खुले डाक से नहीं होगी, उसकी बंदोवस्ती समिति के प्रस्ताव के अनुरूप समिति के साथ की जाएगी।

**दिनांक– 06.07.2026 को सूची के अनुरूप खुले डाक से जलकरों की बंदोबस्ती नहीं होने पर भोश जलकरों के खुले डाक से बंदोबस्ती की पुनः अगली तिथि क्रमशः 13.07.2026 तथा 20.07.2026 होगी, उक्त जलकरों की बंदोबस्ती अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में ठाकुरगंगटी अंचल 11:00 बजे से एवं बसंतराय अंचल 12:00 बजे मध्याहन् से खुले डाक से की जाएगी।**

विशेष परिस्थिति में अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बतलाये डाक रद्द अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा

**PR 382717 (Fish)26-27*D**

# लाहान्ती आर आ़रीचा़ली रेयाक् संतुलन गे केटेच् आर दिड़हो सोमाज रेयाक् खांप : द्रौपदी मुर्मू

**खोबोरिया**

**बैतूल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो़य मेन केदा जे लाहान्ती आर आ़रीचा़ली रेयाक् संतुलन गे केटेच् आर दिड़हो सोमाज रेयाक् खांप दो़ काना। सा़रीयाक्तेत् रे लाहान्ती दो़ ओना काना ओका दो़ आबोवाक् रेहेत् आर जियोन रेयाक् मा़न ते जिवेदो़क् आर ओनाको रेहेत् हो़ंय केटेज। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो़ सा़रदीमाहां हिलोक् मध्य प्रदेश रेयाक् बैतूल रे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हो़तेते ओरामेन 'आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण' महास मेलन रे मित्-बार काथाय मेनेत्कान ताहेंकाना। उनी दो़य मेन केदा जे नेबेताराक् ञिरान दुनिया़ रे सोमाज रेन मिमित् गातांककोजागवारो़क् दो़ आ़डीतेत् गे ला़कतीयाकाना। नोआ जो़र ते गेबेगो़र जाहांन भेदभाव आर सिरजोन रेयाक् सोमपुतीको ला़गित् ते आयमा दिन हा़बिच् आपनार आर एटाक्को ला़गित् ते जागवार ताहेंन दो़ लाहान्ती दाड़ेयाक्आ।

राष्ट्रपति मुर्मू दो़य मेन केदा जे केटेच् सोमाज दो़ उन रे होयोक्आ, तिन दो़ हो़ड़ आपनार रे बिसवा़स, मान-मानो़त आर जागवार काते सोमाज रेयाक् दा़यिक का़मीको का़मीया। तिन दो़ आपनार बाबो़त रे बाडाय आर सेवा मिला़क्आ, उन रे सोमाज रे केटेच् ते बो़नो़दो़ल हिजुक्आ।




# जुगसलाई थाना पुलिस दो़ बेआ़ईनी खाण्डाबाण्डा सालाक्को साप् केदेया मित्टेन लाबालो़क

**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम रे जुगसलाई थाना पुलिस दो़ बेआ़ईनी खाण्डाबाण्डा दो़हो़य रेयाक् दो़स रे मित्टेन नाबालो़कको निरुद्ध केदेया। उनी ठेन खो़न मित्टेन देशी पिस्तौल (कट्टा) आर बारया जिवेत्कारतूसको ञाम केदा।

पुलिसाक् ला़ई लेकाते दुसी दो़ हा़ली रे गे बाल सुधार गृह खो़ने ओडोङ आकान ताहेंकाना आर उनी उपा़र रे आच् चेतान रेचालाक्कान मामला रेन गोहाको धोमकावको रेयाक् दो़स लादे मेनाक्आ। उनी दो़ लाहा रे हो़ं बारया घा़ट का़मी रे हो़ं सेलेत्ए ताहेंकाना। नोआ खो़न लाहा अक्टूबर 2025 रे हो़ं उनी दो़ आ र्स एक्ट रेयाक् मित्टेन मामला रे बाल सुधार गृह तेको कोल लेदेया। जुगसलाई थाना प्रभारी गुलामी रब्बानी खां दो़य ला़ई केदा जे बिष्टुपुर रे मेनाक् पार्वती घाट सोर रे एंटी क्राइम चेकिंग अभियानको चालावेत्कान ताहेंकाना। उन ओ़कते गे पुलिस ञेल ते दिगधा़वान नाबालो़क दो़ दा़दा़ड़े लागावेना, मेनखान उनी दो़को खुदा़उ साप् केदेया।




तलाशी ओ़कते उनी ठेन खो़न मित्टेन देशी कट्टा आर जिवेत्कारतूसको ञाम केदा। पुलिस दो़ जा़रूड़ो़क्आक् का़नूनी प्रक्रिया पुरा़उ तायो़म नाबालो़क दोहड़ा ते बाल सुधार गृह तेको कोल केदेया। मामला रेयाक् लाहा सेच् जांच चालाक् काना।

# जेएसएलपीएस रेन दिदी दो़ हो़ड़को जागवारकोआ

**नित नशामुक्त बेनाक्आ गोपीकांदर रेयाक् मिमित् ओड़ाक्-घारोंज**



**खोबोरिया**

**गोपीकांदर,दुमका।** आतो सोमाजे खोखरावेत् कान नशा रेयाक् बीमारी रेहेत् खो़न ओ़चो़ग ला़गित् ते जेएसएलपीएस दो़ डांडाय केटेच् आकादा। राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान होते लुखीवार हिलोक् प्रखंड रेयाक् पेया प्रमुख कलस्टर खरौनी बाजार, गोपीकांदर आरकुशचिरा पंचायत भवन छाटका रे आयमा ओ़को़च्को जुटा़वेन आजीविका महिला संकुल संगठन रेन दिदीको दो़ नशामुक्त सोमाज बेनावरेयाक्को एकराड़ ओचोकेत्कोआ।

गोपीकांदर पंचायत भवन रे ओरामेन आसो़ल का़मीहो़रा दो़ जेएसएलपीएस रेन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक निरंजन तिवारी आर पंचायत सचिव विशेश्वर महतो दो़ मिला़उतेको आ़युर केदा। नोआ ताक रे बीपीएम निरंजन तिवारी दो़ दिदीको गालमारावाको तुलुच्ए मेन केदा जे नशा एकेन मित् हो़ड़े बेरबादेकाना, बो़रो़ङ पुरा़ घारो़ंज आर सोमाज रेयाक् लाहांतीयरोकावेत् काना। उनी दो़ नोआ अभियान रेयाक् आसो़ल मो़तलो़ब रेयला़ई केदा जे समुदाय रेयाक् झुंक बेबो़र ते दो़ मित्टेन स्वस्थसोमाज रेयाक् कल्पना आतरा गेया। दिदीकोय लिलका़र केत्कोआ जेआको आको आतो टोठा, ग्राम संगठन, टोला आर स्कूल कॉलेजको रेसेन काते हो़ड़को जागवारको आर जुवा़नको नशा हेवा खो़न फराकताहेंन ला़गित्को उसकुरको। नोआ जा़रूड़ानाक् अभियान सफल बेनाव रे प्रखंड बीएपी संतोष कुमार पाल, गोपीकांदर रेन पंचायत कोऑर्डिनेटरसीमा सुषमा सोरेन, खरौनी बाजार रेन प्रजनजीत नाग आर कुशचिरा रेन कमरूल हुसैन हो़ं आसो़ल तेको सेलेत् एना। नोआ सांवते गे सीएलएफ पदाधिकारी रेमशी देवी, सलोमी किस्कू घालो़क् सायके गो़गो़ दो़ल रेन दिदीको सेलेत् एना। ओ़को़यदो़ आतो आतो सेनकाते नोआ संदेश मिमित् ओड़ाक् धा़बिच् सेटेराको रेयाक्को मेन केदा।

# अदालताक् हुकुम रेको दासाव केदा तुरूई गो़टेच् दुकान

**पूर्वी सिंहभूम।** सीतारामडेरा थाना टोठा रे मेनाक् भालूबासा चौक रे सा़रदीमाहां हिलोक् जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) आर जुस्को ता़किनाक् मिलीमिसी टीम दो़ अतिक्रमण हटाओ अभियान चालावतुलुच् तुरूई गो़टेच् दुकानको दाम-दा़सिर केदा। नोआ कार्रवाई दो़ साल 2024 रे दायर आकान मित्टेन याचिका रे न्यायालय होतेते एमआकान आदेश मानाव-बाताव तुलुच् होय आकाना।ञाम आकान खो़बो़र लेकाते, भालूबासा गोलचक्कर रेन गिरा़बा़सी अजय नाथ दो़ आपनार ओड़ाक् सामाङ सरकारी जुमी रे चालाव-बानावेत्कान दुकानको बाबो़त रे अदालत रे याचिकाय दायर लेदा। उनी दो़ बेआ़ईनीअतिक्रमण ते होयोक्कान मुसकिलाक्को बाबो़त रे ला़ई लेदा, ओना तायो़म अदालत दो़ अतिक्रमण ओ़चो़ग रेयाक्ए बातलाव लेदा। कार्रवाई ताला रे आशीष कुमार सोनकर, हरे कृष्ण पुथल, मनोजकुमार, संजय कुमार, शीतल आर आरतीयाक् दुकानको दो़ जेसीबीतेको ओ़चो़क् केदा। विरोध काते रे हो़ं प्रशासन दो़ लाड़ावनायतोंगे दो़हो़ केदा आर कोर्टआक् हुकुम मेनाक् काथाई ला़ईकेदा। प्रभावित दुकानदार संजय साव दो़ दो़से लादे केदा जे उनी दो़ मोटामुटी 50 बो़छो़र खो़न ओन्डेय बेबो़सायेत् काना आर जेएनएसीरेन उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार सेच् खो़न उनी दो़ नोटिसको एमादे ताहेंकाना। उनी दो़य मेनेत् काना जे मित्-बार दुकानदारको उपा़र रेनिशाना बेनाव कातेको कार्रवाई आकादा, जबकि आडेपासे आयमा उता़रदुकान सरकारी जुमी रे मेनाक् आकादा। टोठाकिया़ हो़ड़ हो़ं कार्रवाई रेयाक् निष्पक्षता उपा़र रे कुकली राकाब तुलुच् पुरा़उ टोठा जांच आर जो़तो़ दुकानदारकोवाक् जुमीकागो़चको जांच रेयाक् खो़जको दो़हो़ केदा। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे भालूबासा टोठा दो़ माड़ाङ रेन सिरा़मंत्री रघुवर दास आर भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू रेन राजनीतिक प्रभाव वाला टोठा रूप रे हो़ं बाडायो़क् काना। प्रशासन दो़य पुस्टा़उ केदा जे सरकारी जुमीरे बेआ़ईनी हा़थिया़उ उपा़र रे लाहा सेच् हो़ं लाड़ावना दो़ तेंगो ताहेंना।

# मायजिवाक् मांड़ीं ञेल ठिका़नेना

**पश्चिमी सिंहभूम।** सो़हो़र रेयाक् मंगल बाजार टोठा रे बुधवार हिलोक् ञुहुम ञामेन मित्टेन मायजिवाक् मांड़ीं दो़ लुखीवार हिलोक् पाछनाव ठि़ान आकाना। गो़च्एन दो़ मुफस्सिल थाना टोठा रेयाक् गुटूसाई आतो रेन 40 उमा़ररेन कांता मुंडा रूप रेय बाडाय आकाना। घारो़ंज रेन दो़ हासपाताल तेको हेच् एना आर मांड़ींकोपाछनाव ठिका़न केदा। घारो़ंज रेन ठेन बाडायेना जे बुधवार ञुहुमथाना पुलिसको बाडाय लेदा जे मंगल बाजार भितरी रे मित्टेन मायजिवाक् बेहोंस ओ़बो़सता रे मेनाया। ताक रेको सेटेरेन पुलिस दो़को जांच केदेया तो़बे मायजिव दो़य गो़च् चुका़उ आकान ताहेंना।इना़ तायो़म पुलिस दो़ मांड़ीं काबजा काते सदर हासपाताल तेको इदीकेदेया आर पाछनावेको एहो़प् केदा। नोते, कांता मुंडा ओड़ाक् तेबाय रूवा़ड़ लेन ते ओड़ाक् रेको चिंता़ लेना आर उनी सेंदरायेकोएहो़प् लेना। नोआ ओ़कतेको बाडाय केदा जे मंगल बाजार खो़न मित्टेन मायजिवाक् मांड़ीं ञाम काते हासपाताल तेको इदी आकादा। काथा बाडायकाते घारो़ंज हो़ड़ दो़ हासपाताल तेको चालावेना आर मांड़ींकोञेल ठिका़न केदा जे कांता मुंडा रूप रे। घारो़ंज रेन लेकाते,कांता मुंडा दो़ बाजार तेय सेन लेना, मेनखान बाय रूवा़ड़ हेच् लेना। घारो़ंज रेनकोवाक् मेन काना जे आ़डी सेतोङ लो़लो़ आर लू खा़तिर उनीयाक् तबीयात आचका गे बा़ड़िच् तानाक् एना, नोआ ते सो़ड़ो़क रेय भिन्दा़ड़ एना आरे गो़च् एना। चाहेदो़, गो़च्एनरेयाक् सा़रीयाक् कारो़न दो़ पोस्टमार्टम रिपोर्ट हिजुक् तायो़म गे बाडाय दाड़ेयाक्आ। सदर थाना पुलिस दो़ जा़रूड़तेयाक् का़नूनीप्रक्रिया पुरा़उ तायो़म मांड़ीं दो़ पोस्टमार्टम ला़गित्को कोल केदा। पोस्टमार्टम तायो़म मांड़ीं दो़ घारो़ंज रेनको जिमा़वात्कोआ।गो़च्एन रेन भसुर सोहन मुंडा दो़य ला़ई केदा जे कांता मुंडा दो़ उनी रेन का़टिच् बोयहा रेन बा़हुय ताहेंकाना, होय दाड़ेयाक्आ लू सेताङ लागाव से जा़सती लो़लो़ सेतोङ तेय गो़च् एना।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited.**
**(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)**
**Office of the**
**General Manager, Transmission Zone-II, Dumka**
**E mail – gmtz2dumka@gmail.com**

**Cancellation Notice**

Due to not fulfilling minimum bid requirement e-**NIT No.- 67/PR/JUSNL/26-27** is here cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR No. 378746**

**Sd/-**
**General Manager**
**Transmission Zone-II,**
**Dumka**

**PR 382729 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27)#D**


# बिजली तार चापो़ट रे पाड़ावेन तेय गो़च् एना जुवा़न, ठिका़दार उपा़र रेको लादे केदा भुल रेयाक् दो़स

**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** आजादनगर थाना टोठा रेयाक् ओल्ड पुरूलिया रोड रे मेनाक् गरीब कॉलोनी रे बेनाव का़मी ताक रे मुंजुरी का़मी हो़ड़बिजली तार चापो़ट रे पाड़ावेन तेय गो़च् एना। गो़च्एन हो़ड़ाक्पाछनाव दो़ चौका थाना टोठा रेयाक् बालीडीह रेन गिरा़बा़सी रवि मांझी (22) रूप रे होय आकाना। बाडाय ञाम आकान लेका रे रवि मांझी दो़ कपाली गौस नगर रेन गिरा़बा़सी ठिका़दार शरीफ अंसारीयाक् अंडर रेय का़मीकान ताहेंना। उन ओ़कते उनी दो़ बिजलीतार रेयाक् चापो़ट रेय पाड़ावेना आर गा़हिर रूप तेय लो़येना। सोंगे ते नामालकिन का़मीयेत्कान ताहेंन हो़ड़ दो़ उसा़रा ते उनीरान-मुरगा़न आचोये ला़गित् ते एमजीएम अस्पताल तेय इदी केदेया, ओन्डेडॉक्टर दो़ उनीय गो़च्एन सार-सादले केदा। ओड़ाक् रेन हो़ड़ आर गाते दो़ दो़सको लादेयेत् काना जे घो़टना तायो़म ठिका़दार दो़पुलिस बेगो़र खो़बो़र ते रवि मांझीयाक् मांड़ी आपाताक् आतो तेयकोल केदा। ला़येत् कानाको जे ठिका़दार दो़ रान-मुरगा़न ञुतुमरे गो़च्एन हो़ड़ रेन घारो़ंज दो़ 13,500 टाकाये एमावात्कोआआर दारायकान दिन रे गो़ड़ो़वाको ला़गित् ते आसे एमावात्को ताहेंना। मेनखान मित्धा़ड़िच् तायो़म उनीयाक् मोबाइल दो़ बोंद एनताया, ओना इया़ते उनी सांवते गालमाराव गे बाङ होय दाड़ेयादा। घो़टनारेयाक् खो़बो़रको ञामकेत् रे आतो हो़ड़ दो़ बा़इसीकोदुपुडुप् एना आर ओना तायो़म सा़गुनमाहां हिलोक् ञिन्दा सेच् गो़च्एन हो़ड़ाक् मांड़ी सालाक् ते आजाद नगर थाना तेकोसेटेरेना। गो़च्एन रेन गाते रंजीत मंडल दो़य ला़ई केदा जे उनीको दो़ सा़गुनमाहां हिलोक् ढेर ञिन्दा सेच् थानाको सेटेरेना आरसा़रदीमाहां हिलोक् सेताक् हा़बिच् ओन्डे गेको ताहेंयेना। उन ओ़कतेपुलिस दो़ तातले ठिका़दार सांव गापालमाराव ला़गित् तेको कुरूमुटू केदा, मेनखान उनीयाक् फोन दो़ बोंद गेको ञाम केदा। पुलिस दो़ मांड़ी रेयाक् पंचनामा बेनाव कातेत् पोस्टमार्टम ला़गित् तेको कोल केदा। पुलिस दो़ मामलाको जाँचेत् काना।



# थो़ड़ागान गो़तो़म जो़म ते गे निपुट ला़गित् ते आ़डी पो़रहो़वान गेया

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** निया़ हा़ली ओ़जो़न को़म ला़गित् ते आयमा हो़ड़ दो़ जो़तो़ खो़न माड़ाङ रे गो़तो़म जो़म गेको बा़गीयेत् काना। ओनको दो़ हुदिसेत् काना जे गो़तो़म जो़म ते आ़डी उसा़रा ते हो़ड़मो़य हामालेत् काना आर नोआ ते हो़ड़मो़य मो़टायेत् काना। स्वास्थ्य एक्सपार्टकोवाक् मेमेन दो़ नोआ काना जे थो़ड़ागान गो़तो़म जो़म ते गेहो़ड़मो़ ला़गित् ते आ़डी पो़रहो़वान होय दाड़ेयाक्आ आर नोआ तेआपनाराक् डाइट खो़न पुरा़ तेपे बा़गी लेखान मित्टेन माराङ भुलहोय दाड़ेयाक्आ, नोआ ते बा़ड़िच्आक् एसेर होय दाड़ेयाक्आ। पोषणएक्सपार्टकोवाक् ला़ई लेका ते पिठा़ रे थो़ड़ागान गो़तो़म लागाव लेखान ओना रेयाक् ग्लाइसेमिक इंडेक्स को़म ला़गित् ते पो़रहो़होयोक्आ। ग्लाइसेमिक इंडेक्स दो़ मित्टेन पैमाना काना नोवायेला़येत्काना जे जाहांटाक् दाका जो़म तायो़म तिनाक् उसा़रा ते ब्लड शुगर ढेरो़क् काना। तिन रे पिठा़ सालाक् ते थो़ड़ागान गो़तो़म जो़म लेखान कार्बोहाइडेञ्ट हाजाम ला़गित् तेय को़मेत् काना, नोआ तेब्लड प्रेशर रेयाक् लेवल बा़ई-बा़ई तेय ढेरेत् काना आर एनेर्जी हो़ं बा़ई-बा़ई ते ञामेत् काना, नोआ ते आचका होय दाड़ेयाक् शुगर स्पाइक्से रो़कावेत् काना। चेत् आपे पे धियानाकादा जे गो़तो़म लागावात् पिठा़ जो़म तायो़म उसा़रा ते दाका बाङ रेंगेच्आ, नोआइया़ते गो़तो़म रे ताहेंनकान हेल्दी फैट ताहेंन काना। नोआ ते लाच्दो़ आ़डी घा़ड़िच् हा़बिच् बि गे आटकारो़क् काना, नोआ ते हाना-नोआ बाङ जो़जो़म सानावा। नोडका रे तातले स्नैकिंग ला़गित् आर ढेर कैलोरीयाक् ढेर बाङ जो़जो़म सानावा। मित्टेन पिठा़ रेमोटामुटी मित्टेन का़टिच् चामो़च् गो़तो़म गे आयमा काना।जा़रूड़ो़क् खो़न बा़ड़ती गो़तो़म जो़म लेखान बा़ड़ती कैलोरी हो़ड़मो़ रे चालाव दाड़ेयाक्आ, नोआ रेयाक् एसेर दो़ हो़ड़मो़ मो़टाक् आरनिपुट बानार रे एसेर पाड़ाव दाड़ेयाक्आ।




**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गोड्डा**

**भर्ती–कैम्प दिनांक– 20.06.2026**

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गोड्डा के तत्वाधान में **कार्यालय परिसर (बाल विकास विद्यालय के सामने) गोड्डा में दिनांक–20.06.2026** को पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराहन 4:00 बजे तक एकदिवसीय भर्ती–कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, मेला में भाग लेने वाले अभ्यर्थी उपरोक्त तिथि को 10:00 से 11:30 बजे तक अपनी उपस्थिति निश्चित रूप से दर्ज करेंगें।

| क्र0सं0 | नियोजक का नाम एवं पता | पद का नाम | पदों की संख्या | अनिवार्य योग्यता | उम्र (वर्ष) | वेतन | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Venoda Service Pvt. Ltd. | Computer Operator | 02 | 12th/Graduation | 18-40 | 8000-15000 | Job Location- Godda |
| | | Teacher | 10 | D.EL.ED/B. ED/Graduate | | 8000-15000+PF | Job Location- Godda/Poraiyahat |
| | | Machine Operator | 100 | 10th/ITI/Diploma/Graduate | | 13000-30000+PF | |
| | | Warehouse Associate | 100 | 10th Pass | | 12000- 20000+PF | |
| | | Collection Officer | 50 | 12th Pass | | 17000+PF | |
| 02 | Birsa Super security solution Pvt. Ltd | Security Guard | 90 | 8th | 18-50 | 12000-15000 | Job Location- All Jharkhand |
| | | Security Supervisor | 15 | 12th | 20-45 | 16000-21000 | |
| | | House Keeping | 10 | - | 18-40 | 10000-15000 | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/or www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है।

**PR.NO.382676 Labour Employment and Traning(26-27):D**

जिला नियोजन पदाधिकारी, गोड्डा।


# मित्टेन रूगीयाक् बारया ब्लड ग्रुप रिपोर्ट, जांच ला़गित्ए खो़ज आरोकेदा

**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला़ रेयाक् सदर हासपाताल चाईबासा रे भा़रती रूगीसुरेंद्र बोयपाईयाक् ब्लड ग्रुप ला़गित् सामाङ हेच्एन बारयाजुदा़-जुदा़ जांच रिपोर्ट दो़ स्वास्थ्य महकम रेयाक् का़मीधाराको रेगा़हिर कुकली राका़प् आकाना।

मित् सेच् सदर हासपाताल रेयाक्पैथोलॉजी रिपोर्ट रे रूगीयाक् ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव गे ओ़लआकाना, नो़ते थोड़ा दिन तायो़म मित्टेन निजी प्रयोगशाला रेयाक्जांच रिपोर्ट रे उनीयाक् ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव गेको ला़ई आकादा।बानार रिपोर्ट रे बेगार ञेल हेच्एन तायो़म मामला दो़ निष्पक्ष जांचला़गित् खो़ज रे रेस आकाना। एंटी करप्शन ऑफ इंडिया रेनझारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामहरि पेरियार दो़ लुखीवार हिलोक्ए मेन केदा जे जुदी जाहांय रूगीयाक् ब्लड ग्रुप बाबो़त रिपोर्ट रे नुना़क्माराङ बेगार ञामो़क् काना तो़बे नोआ रेयाक् तकनीकी आर प्रशासनिक बानार ता़री रे जांच होयोक् जा़रूड़ काना। उनी दो़ जिला प्रशासन, सिविल सर्जन आर स्वास्थ्य विभाग खो़न पुरा़उ मामला रेयाक्फायलाव ते जांच ओचोये खो़ज आकादा। चिकित्सा सोसोलहाको लेकाते, जाहांय हो़ड़ाक् ब्लड ग्रुप जियोनभोर साधारो़न रे बाङ बो़दो़लो़क्काना।

नोडका रे बारया जुदा़-जुदा़ रिपोर्ट हिजुक् तायो़म ते आयमाकारो़न होय दाड़ेयाक्आ। नमूना हाताव ओ़कते गा़लती, सैंपल रेयाक्ओ़दो़ल बो़दो़ल, जांच प्रक्रिया रे तकनीकी त्रुटि, रिपोर्ट तेयाररे मानवातेयाक् भूल से रिकॉर्ड रे गड़बड़ी लेकान होय दाड़ेयाक् खो़न बाङ बाङ दाड़ेयाक्आ। ओनाइया़ते बानार संस्थान रेयाक् रिकॉर्डआर जांच प्रक्रिया रेयाक् समीक्षा जा़रूड़ मानावक् काना। सोसोलहाकोवाक् मेन काना जे जुदी जाहांय रूगी उनीयाक् सा़रीयाक् ब्लडग्रुप खो़न जुदा़ मायामको चाढ़ावाय खान तो़बे हो़ड़मो़ रे गा़हिरप्रतिक्रिया होय दाड़ेयाक्आ। नोडकान हालो़त रे बुखार, थारथारावक्,साहेंद रे पारेशानी, किडनी रे असर, मायाम ना़लीको नोसटो़क् आर गा़हिर मामला रे जिवी रेयाक् खातरा हो़ं जानाम दाड़ेयाक्आ। रामहरि पेरियार दो़य खो़ज आकादा जे ब्लड बैंक रेयाक् रिकॉर्ड, क्रॉस मैचिंग रिपोर्ट, मायाम निर्गमन रजिस्टर, बानार जांच रिपोर्टको आर जो़नो़ड़ाव कर्मचारीकोवाक् का़मी जांच काते सा़रीयाक्तेत् सार्वजनिक होयोक् मा। उनीयाक् मेन काना जे नोआ मामला एकेन मित्टेन रूगीयाक् गे बाङ, बो़रो़ङ जिला़ रेयाक् स्वास्थ्य सेवाकोरे हो़ड़ाक्बिसवा़स आर रूगीकोवाक् सुरक्षा सांव जोड़ाव आकाना, ओनाइया़तेपारदर्शी जांच काते सा़रीयाक् हालो़त पुसटा़उ जा़रूड़ काना।


**Nagar Parishad, Pakur**

**Very Short Tender Tender No.- E- Tender /NPP/41/2025-26 3rd Call**

| SL No | Name of the Work (Tied) | Estimated Cost ( Rs. ) | Tender Doccum-ent Fee | EMD | Time Of Compl-ition | Start date of Sale of Tender Doccument | Close date of Sale of Tender Doccument | Date of Opening of tender | Name and address of the office inviting tender | Contact No. of Procurement officer | Helpline No. for E-Procurement Cell |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Detailed estimate for Construction of PCC road with RCC Drain from H/O Biren Thakur to Mohammad Kousar ward no-06 Under Nagar Parishad, Pakur | Rs. 13-26-594-00 | 5000.00 | 27000.00 | 02 माह | 22.06.26 at 10:00 am | 27.06.26 at 5:00 pm | 29.06.26 at 3:00 pm | Executive Officer, Nagar Parishad, Pakur | 97711 98870 | 70047 92039 |

नोट :– नियम एवं शर्ते Jharkhandtenders.gov.in में एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, पाकुड़

**PR 382698 Urban Development(26-27)#D**



**Nagar Parishad, Pakur**

**Very Short Tender Tender No.- E- Tender /NPP/01/2026-27 2nd Call**

| SL No | Name of the Work (Tied) | Estimated Cost ( Rs. ) | Tender Doccum-ent Fee | EMD | Time Of Compl-ition | Start date of Sale of Tender Doccument | Close date of Sale of Tender Doccument | Date of Opening of tender | Name and address of the office inviting tender | Contact No. of Procurement officer | Helpline No. for E-Procurement Cell |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DETAILED ESTIMATE FOR CONSTRUCTION OF P.C.C. ROAD FROM H/O UTTAM PANDAY TO ASHRAM & H/O BHOLA KHAN TO H/O BIMAL PANDAY TO H/O BISWANATH CHUBEY AT WARD NO. 08 ,UNDER NAGAR PARISHAD PAKUR | 17,21,028.00 | 5000.00 | 35000.00 | 45 fnu | 22.06.26 at 10:00 am | 27.06.26 at 5:00 pm | 29.06.26 at 3:00 pm | Executive Officer Nagar Parishad, Pakur | 97711 98870 | 70047 92039 |
| 2 | DETAILED ESTIMATE FOR CONSTRUCTION OF P.C.C. ROAD WITH RCC DRAIN & CROSS DRAIN H/O GUDDU TO H/O ASLAM & H/O SWAPAN SAHA TO H/O SHOVNATH DAS & H/O AMAL DAS TO H/O SANTOSH GHOSH & H/O CHORISH TO H/O ISLOCK CHUBEY & H/O VICTOR TO H/O TARUN BEHRA TO H/O RAVI SHANKAR TO H/O SHIV SHANKAR GOSAWAMI & RAJAPARA ROAD AT WARD NO. 09,UNDER NAGAR PARISHAD PAKUR | 17,15,984.00 | 5000.00 | 35000.00 | 45 fnu | 22.06.26 at 10:00 am | 27.06.26 at 5:00 pm | 29.06.26 at 3:00 pm | Executive Officer Nagar Parishad, Pakur | 97711 98870 | 70047 92039 |

नोट :– नियम एवं शर्ते Jharkhandtenders.gov.in में एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, पाकुड़

**PR 382696 Urban Development(26-27)#D**

# एसआईआर को लेकर 30 जून से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ : डीसी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** मतदाता सूची के शुद्धिकरण और विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी पक्षों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन अधिकारियों से अपील की कि वे आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक शुद्ध और त्रुटिहीन मतदाता सूची ही हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली मजबूती है।

कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि आगामी 30 जून 2026 से बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण करेंगे। इस देशव्यापी और गहन अभियान के दौरान मतदाताओं से जरूरी दस्तावेज और जानकारियां जुटाई जाएंगी, जिससे मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन और शुद्ध किया जा सके।

प्रशासन ने राजनीतिक दलों से भी अपने स्तर पर बूथ स्तर तक जनजागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया है, ताकि लोग जागरूक होकर इस प्रक्रिया में सहयोग करें। इस उच्च स्तरीय बैठक में निर्वाचन कार्य से जुड़े तमाम मुख्य पदाधिकारी और विभिन्न दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने इस राष्ट्रीय कार्य में प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा जताया।

## तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार तीन छात्र-छात्राओं को रौंदा, हालत गंभीर

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** दुमका-रामपुरहाट मार्ग पर बरमसिया पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। यहाँ एक तेज रफ्तार गिट्टी लदे हाईवा ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार तीन छात्र-छात्राओं को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों छात्र-छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिकारीपाड़ा प्रखंड के सुंदरापलान निवासी रविशंकर मुर्मू, सरसाजोल निवासी ठाकरान हेंब्रम और हरिपुर निवासी मरशीला हंसदा इंटर और स्नातक के छात्र हैं। छुट्टियों के बाद तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस दुमका कॉलेज हॉस्टल जा रहे थे। इसी दौरान बरमसिया के पास विपरीत दिशा से आ रहे गिट्टी लदे हाईवा के चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए उन्हें सीधी टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत इस घटना की सूचना शिकारीपाड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए मोहुलपहाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। शिकारीपाड़ा पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान की जा रही है और मामले की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### टोल प्लाजा के पास पलटा टेम्पू, एक की मौत

**सरैयाहाट ।** नेशनल हाईवे 133 पर कोठिया टोल प्लाजा के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोहनपुर हाट से अपना कारोबार समेटकर टेम्पू से घर लौट रहे दो कपड़ा व्यवसायी इस दुर्घटना का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट ले जाया गया। बाद उन्हें देवघर अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही 66 वर्षीय बुजुर्ग व्यापारी दीनानाथ साह ने दम तोड़ दिया।

## सफाई कर्मियों के घेराव से हरकत में आई अध्यक्षा 10% वेतन वृद्धि सहित बकाया खाते में ट्रांसफर कराया

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ नगर पंचायत अध्यक्ष वीणा देवी ने सफाईकर्मियों के साथ मानवीयता दिखाते हुए, दो माह से बकाये वेतन का भुगतान करवाया।

यही नहीं, 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि दर के साथ जब सफाईकर्मियों के खाते में अध्यक्षा वीणा देवी ने ऑनलाइन माध्यम से बकाया वेतन के भुगतान की राशि सीधे खाते में ट्रांसफर कराया,तो सफाईकर्मियों के चेहरे खिल उठे।



बता दें कि बासुकीनाथ नपं के सफाईकर्मियों ने बकाया वेतन भुगतान को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष वीणा देवी का घेराव किया था । इस क्रम में जब नपं के सफाई जमादार नरेश दास एवं सुपरवाइजर संतोष दास के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने अध्यक्ष वीणा देवी से मिलकर अपनी परेशानी बताई तो नपं अध्यक्षा ने त्वरित पहल करते हुए बकाया वेतन की राशि का वेतन वृद्धि दर के साथ भुगतान सुनिश्चित कराया। सफाईकर्मियों ने बताया कि विगत दो महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला, जिससे उनके परिवार को काफी परेशानी हो रही है।

इसपर नपं अध्यक्षा ने त्वरित पहल करते हुए संबंधित अधिकारी से बात की और उन्हें अविलंब वेतन भुगतान कराने का निर्देश दिया।

## जाति-निवासी प्रमाण पत्र शिविरों में पहुंचे डीसी, बोले- कोई भी पात्र नागरिक न छूटे

**संवाददाता**

**दुमका ।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने गुरुवार को जामा प्रखंड का औचक दौरा कर सरकार के विशेष अभियान की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने चिगल पहाड़ी पंचायत सचिवालय और राजकीय मध्य विद्यालय नोनिहथवारी में चल रहे अबुआ जाति-निवासी प्रमाण पत्र अभियान शिविरों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने आवेदनों की जांच से लेकर आम जनता को मिल रही सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की।

शिविर में मौजूद ग्रामीणों और आवेदकों से सीधा संवाद करते हुए उपायुक्त ने उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर तैनात अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी योग्य लोगों के जाति और निवासी प्रमाण पत्र पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर बनाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को याद दिलाया कि ये प्रमाण पत्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सबसे जरूरी दस्तावेज हैं, इसलिए प्रशासनिक सुस्ती के कारण



कोई भी पात्र व्यक्ति इस लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आवेदन पंजी, दस्तावेजों के रख-रखाव और सत्यापन प्रक्रिया की फाइलों को भी खंगाला। लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को बैकलॉग जल्द से जल्द खत्म करने का हुक्म दिया। उन्होंने साफ कहा कि आवेदन जमा करने से लेकर सर्टिफिकेट जारी होने तक की पूरी प्रक्रिया इतनी सरल होनी चाहिए कि आम जनता को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। इसके साथ ही उन्होंने शिविरों में भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों के बैठने और ठंडे पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## दुमका के युवाओं को कर्नल अनिल यादव ने दिया देशसेवा का मंत्र



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** सरकारी पुस्तकालय, दुमका में गुरुवार को एक विशेष संवादात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं के भीतर देशसेवा का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। 4 झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी, दुमका के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनिल यादव ने 130 से अधिक छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी के रूप में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कर्नल यादव ने कहा कि सशस्त्र बलों में करियर केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित एक गौरवपूर्ण जीवनशैली है।

कार्यक्रम के दौरान कर्नल अनिल यादव ने भारतीय सेना की संरचना, उसकी जिम्मेदारियों और विभिन्न शाखाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इन्फैंट्री, आर्मर्ड कोर, आर्टिलरी, इंजीनियर्स और सिग्नल्स जैसी महत्वपूर्ण शाखाओं के कार्यों को बहुत ही सरल तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना केवल देश की सीमाओं की रक्षा ही नहीं करती, बल्कि आपदा राहत और मानवीय सहायता जैसे कार्यों में भी हमेशा अग्रिम भूमिका निभाती है। उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, साहस और देशभक्ति को सेना के जीवन की सबसे बड़ी ताकत बताया।

## आधुनिक खेती, विलुप्त होती 'चादर-बादोनी' कला और दीदी कैफे का डीडीसी ने लिया जायजा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** दुमका जिले के मसलिया प्रखंड में ग्रामीण विकास, पारंपरिक संस्कृति और महिला आत्मनिर्भरता की शानदार झलक उस समय देखने को मिली जब उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने गुरुवार को क्षेत्र में संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति और प्रभाव का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों, कलाकारों और महिला समूहों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की।

भ्रमण की शुरुआत डोमकाट्टा गांव से हुई, जहां झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी परियोजना के तहत ड्रिप



सिंचाई प्रणाली से लगभग दो एकड़ भूमि पर करेला, बींस और बैंगन की खेती की जा रही है। उप विकास आयुक्त ने आधुनिक तकनीक और जल संरक्षण आधारित इस खेती मॉडल को किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में बेहद प्रभावी बताते हुए इसकी प्रशंसा की।

इसके बाद उन्होंने नवासार गांव पहुंचकर प्रसिद्ध कठपुतली कलाकार मानेश्वर मुर्मू और उनकी टीम से मुलाकात की तथा संताल परगना की पारंपरिक आदिवासी लोककला 'चादर-बादोनी' का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह लोककला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है और इसे संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। कलाकारों द्वारा इस विलुप्त होती परंपरा को जीवित रखने के प्रयासों की उन्होंने सराहना की।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने मसलिया प्रखंड परिसर में संचालित पलाश आजीविका दीदी कैफे का भी दौरा किया। यहां महिला सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 60 से 70 प्लेट खाद्य सामग्री की बिक्री हो रही है और ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए व्यवसाय विस्तार की योजना बनाई जा रही है। अनिकेत सचान ने इसे महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बताते हुए महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा की।

## राजनीतिक दलों की मौजूदगी में खुला ईवीएम वेयरहाउस, सुरक्षा मानकों को डीसी ने खुद परखा




**दुमका ।** निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। यह औचक जांच विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सीधी मौजूदगी में संपन्न हुई ताकि पूरी प्रक्रिया में निष्पक्षता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की लाइव निगरानी प्रणाली, फायर फाइटिंग सिस्टम और महत्वपूर्ण अभिलेखों के संधारण की बारिकी से समीक्षा की। सुरक्षा मानकों का भौतिक सत्यापन करने के बाद उन्होंने मौके पर मौजूद निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के कड़े दिशा-निर्देशों का हर हाल में अक्षरशः अनुपालन करने की हिदायत दी। इस दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी वेयरहाउस के भीतर की सुरक्षा और तकनीकी निगरानी प्रणालियों से अवगत कराया गया। जांच के अंत में सभी तकनीकी और सुरक्षा व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के तय मानकों के बिल्कुल अनुरूप और संतोषजनक पाई गईं।

## भीषण तूफान से उजाड़ा आशियाना



**रामगढ़।** प्रखंड के फिटकोरिया गांव में हाल ही में आए विनाशकारी आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में गरीब परिवारों के सिर से छत छिन गई है। चक्रवात के बाद उपजे हालातों और पीड़ितों का दर्द जानने के लिए दुमका जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने गुरुवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने भातुड़िया बी पंचायत के अंतर्गत आने वाले फिटकोरिया गांव का रुख किया और स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। दौरे के क्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष विशेष रूप से तूफान पीड़ित प्रेम मुर्मू के घर पहुंचे। तेज हवाओं और बारिश के कारण प्रेम मुर्मू का मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। घर में रखा खाने-पीने का सामान, बर्तन और अन्य जरूरी संपत्तियां भी नष्ट हो चुकी हैं। सुधीर कुमार मंडल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और उनकी हर समस्या को बेहद संवेदनशीलता के साथ सुना।

## नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया




**दुमका ।** समाज को नशे के अंधकार से बाहर निकालने और युवाओं को एक स्वस्थ दिशा देने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कमर कस ली है। झालसा, रांची के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सुधांशु कुमार शशि के आदेश पर गुरुवार को मसलिया प्रखंड की सुग्गापहाड़ी पंचायत में एक व्यापक नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों और युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों के जानलेवा नुकसान के प्रति सचेत करना था। अभियान के दौरान डालसा की टीम और पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने सुग्गापहाड़ी पंचायत के विभिन्न स्कूलों, चौपालों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। लोगों को भावुक और व्यावहारिक रूप से समझाया गया कि नशे की लत सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को आर्थिक और सामाजिक रूप से तबाह कर देती है। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं और ग्रामीणों को जीवन में कभी भी मादक पदार्थों को न छूने और दूसरों को भी इसके प्रति सचेत करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही ग्रामीणों को कानून और सरकारी मदद की भी जानकारी दी गई। वॉलंटियर्स ने बताया कि नशे से पीड़ित लोगों के पुनर्वास के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है।

## बागवानी मेला में किसानों की मेहनत को मिला बाजार



**सरैयाहाट।** प्रखंड के मंडलडीह पंचायत स्थित झारखंड मोड़ साप्ताहिक हटिया में गुरुवार को मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार शानू ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बागवानी से जुड़े किसानों को बाजार उपलब्ध कराना तथा उनकी आय बढ़ाने के प्रति जागरूक करना था। मेले में योजना के लाभुक किसानों द्वारा विभिन्न किस्मों के आमों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे। आम्रपाली समेत कई उन्नत प्रजातियों के आमों की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे। अच्छी बिक्री से किसानों में उत्साह देखने को मिला और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान मनरेगा बीपीओ संजीव प्रसाद एवं गौरव कुमार ने मेले में पहुंचे किसानों और ग्रामीणों को आधुनिक बागवानी तकनीकों, फलों के बेहतर उत्पादन तथा विपणन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही लोगों को उन्नत गुणवत्ता वाले आमों से भी परिचित कराया गया। मेले में शामिल किसान बुद्धिलाल मरांडी, नारायण राय, भवेश शर्मा, सिकंदर मिस्त्री, रेखा देवी, जगमोहन सोरेन एवं महेश मिस्त्री ने कहा कि यदि उन्हें इसी प्रकार बाजार और फलों का उचित मूल्य मिलता रहा तो वे बागवानी को और अधिक विस्तार देंगे।

## बारिश से बेहाल किसानों के चेहरे पर लौटी रौनक

**सरैयाहाट ।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गुरुवार को हुई हल्की बारिश ने तपती गर्मी और सूखे से बेहाल किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी है. लंबे समय से आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे किसानों के लिए यह फुहारें किसी वरदान से कम नहीं हैं. खेतों में हल्की नमी आते ही अब किसानों ने धान का बिचड़ा डालने की तैयारियां तेज कर दी हैं. अन्नदाताओं को उम्मीद है कि अगर मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा और आने वाले दिनों में भी बरखा रानी मेहरबान रहीं, तो धान की बुआई समय पर पूरी हो जाएगी, जिससे इस बार फसल का बंपर उत्पादन होने की पूरी संभावना है. इस हल्की बारिश ने किसानों के मन में उम्मीद की एक नई किरण जगा दी है.

## छात्रों को अग्नि से बचाव को लेकर किया जागरूकता

**जरमुंडी ।** जरमुंडी के स्थानीय बाल भारती विद्यालय में गुरुवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय के सचिव संजीव कुमार के देखरेख में एवं विद्यालय प्राचार्य देविका बनर्जी की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को फायर सिस्टम का सही उपयोग करने की जानकारी दी गई। इस दौरान आग से बचाव को लेकर छात्रों के बीच प्रत्यक्ष प्रदर्शन करके दिखाया गया। विद्यालय के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराना नहीं चाहिए। धैर्य के साथ इसकी सूचना प्रसारित करें तथा फायर सिस्टम का सही तरीके से उपयोग करें। विद्यालय में मौजूद छात्रों को विद्यालय के कक्ष, आवासीय कमरों से सुरक्षित निकालने, धुवां एवं आग लगने की आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा के नियमों को अपनाने के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय सचिव संजीव कुमार, प्राचार्य देविका बनर्जी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सांप ने डंसा, महिला की मौत

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के महुबना गांव से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां जहरीले सांप के काटने से 59 वर्षीय बुजुर्ग महिला यशोदा देवी की मौत हो गई। इस आकस्मिक घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग गहरे शोक में डूबे हैं। मृतका के परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा बीते बुधवार की रात को हुआ। उस वक्त तेज बारिश की आशंका को देखते हुए यशोदा देवी अपने घर के पास रखे पुआल के ढेर को सुरक्षित स्थान पर समेटने गई थीं। पुआल हटाने के दौरान ही वहां छिपे एक अत्यधिक विषैले सांप ने उन्हें काट लिया।

## भाजपा ने एसआईआर को लेकर की बैठक



**गोपीकांदर।** भारतीय जनता पार्टी के गोपीकांदर मंडल में बीएलओ-2 की औपचारिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रमेश देहरी ने की। बैठक में मुख्य रूप से लिट्टीपाड़ा पूर्व विधायक सह बीएलओ वन राजमहल लोक सभा प्रभारी पदाधिकारी दिनेश विलियम मरांडी और पाकुड़ जिला उपाध्यक्ष सुनील पहाड़िया शामिल हुए, इस दौरान मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक गतिविधियों तथा विशेष पुनरीक्षण कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष ने सभी बूथ अध्यक्षों को प्रत्येक बूथ पर अध्यक्ष सहित पांच-पांच कार्यकर्ताओं की बूथ समिति गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और इसके माध्यम से जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाया जा सकता है। मंडल अध्यक्ष ने जिला स्तर से प्राप्त निर्देशों के आलोक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम के संबंध में बीएलओ-2 को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक के दौरान गोपीकांदर मंडल में आयोजित होने वाली मासिक बैठकों एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी भी कार्यकर्ताओं को दी गई। साथ ही सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में झामुमो छोड़ भाजपा के दामन थामने वाले दर्जनों युवाओं का भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नकुल साह, वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय भगत, बीरबल राय, मनमोहन राय, बलराम ठाकुर, अकलू राय, रवि राय, हरिशंकर देहरी, मितुल कुमार दास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें।

## झारखंड कला केंद्र में वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा संपन्न




**दुमका।** कला और संस्कृति की जीवंत संस्था झारखंड कला केंद्र में वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 2025-26 का आयोजन गुरुवार को बेहद शानदार और सफल रहा। इस परीक्षा की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें नामांकित सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ 60 से अधिक विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में पूरे उत्साह से भाग लिया और अपनी अंतिम प्रायोगिक परीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा किया। परीक्षा का सफल संचालन मुख्य रूप से बाह्य परीक्षक पंडित सुशील प्रसाद सिंह के कुशल मार्गदर्शन में पूरा हुआ। परीक्षा के दौरान उन्होंने एक-एक करके सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की बेहतरीन तैयारी, उनके कड़े अनुशासन और कला के प्रति उनके गहरे समर्पण की खुले दिल से सराहना की। परीक्षा को व्यवस्थित और शांत वातावरण में संपन्न कराने में केंद्र के समर्पित शिक्षक कुबेर झा, कल्याणी बर्मन और शिप्रा झा ने अपनी महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका निभाई। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में झारखंड कला केंद्र के सचिव ऋतुराज और शिक्षिका ऋतंभरा का विशेष मार्गदर्शन और कुशल समन्वय देखने को मिला।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलाई चंद्र लायक के निधन पर शोक



**दुमका ।** जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता और जिला उपाध्यक्ष बलाई चंद्र लायक के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। वे पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज जारी था। उनके निधन पर दुमका स्थित कांग्रेस भवन में एक विशेष शोक सभा का आयोजन किया गया। यह श्रद्धांजलि सभा दुमका जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभा में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद मौके पर जिलाध्यक्ष स्टीफन मरांडी ने बलाई चंद्र लायक के योगदान को याद करते हुए कहा कि पार्टी के प्रति उनका समर्पण हमेशा सराहनीय रहा। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के सचिव महेश राम चंद्रवंशी, मनोज अंबष्ट, महबूब आलम, के.एन झा, टिंकू अली इमाम, सुनील किस्कू, राजेश्वर किस्कू, दशरत मंडल सहित पार्टी के कई अन्य सक्रिय कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

## अवैध रूप से ताड़ के पेड़ों की कटाई, ग्रामीणों में रोष



**जामा ।** जामा प्रखंड अंतर्गत तरबंधा गांव के समीप ताड़ के पेड़ों की अवैध कटाई किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ बंगाल के व्यापारी द्वारा ग्रामीणों को औने पौने दाम पर ताड़ के पेड़ की खरीददारी कर ताड़ के पेड़ों की कटाई कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ताड़ के पेड़ न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि यह क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर भी हैं। लगातार हो रही कटाई से इन पेड़ों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। इसे लेकर आसपास के ग्रामीणों में चिंता और नाराजगी देखी जा रही है।

## दुमका फुटबॉल केंद्र में रस्साकशी प्रतियोगिता



**दुमका ।** आज खेल और जागरूकता का एक बेहतरीन संगम देखने को मिला। राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान के तहत आवासीय बालिका फुटबॉल केंद्र में एक विशेष रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को निषिद्ध मादक पदार्थों के खतरों के प्रति सचेत करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों और छात्राओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि नशा किस तरह जीवन और सुनहरे भविष्य को बर्बाद कर देता है। झारखंड सरकार द्वारा 15 से 26 जून तक विशेष नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी। कार्यक्रम में पहुंचे प्रशासनिक पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में खेल के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन और सकारात्मक सोच का भी निर्माण करता है। खेलकूद की आदत युवाओं को भटकाव और नशे की लत से दूर रखने में एक मजबूत ढाल की तरह काम करती है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी तेज

**मसलिया।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को मसलिया प्रखंड स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सह आयुष्मान आरोग्य मंदिर कठलिया के तत्वावधान में उत्क्रमित उच्च विद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के लगभग एक सौ छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक केसरीनाथ यादव ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा एकाग्रता में वृद्धि होती है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित कई महत्वपूर्ण योगासनों एवं प्राणायाम की विधियों का अभ्यास कराया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686